www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 291 || अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
16 जनवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 06:57
सूर्यास्तः 05:35
अधिकतमः 18°00
न्यूनतमः 08°00




पेज 07


विशेष समाचार | क्या ईरान में इस्लामी शासन ... >> पेज 04 | तलवार बांटने वाला रिहा... >> पेज 06 | तेरे इश्क में के बाद भी बॉक्स...

## महाराष्ट्र चुनाव आयोग बोले- स्याही मिटाने वालों पर कार्रवाई होगी

महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने कहा- वोटर की उंगली पर लगी स्याही को मिटाने की कोशिश करना और इस तरह वोटरों के बीच कन्फ्यूजन पैदा करना एक गलत काम है। अगर यह पाया जाता है कि किसी व्यक्ति ने अपनी उंगली से स्याही मिटा दी है और दोबारा वोट देने आया है, तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई उंगली पर लगी स्याही मिटाकर गलत काम करने की कोशिश करता है, तो भी संबंधित वोटर दोबारा वोट नहीं दे सकता।

>> (शेष पेज 06 पर)






**130 से 150**
सीटें भाजपा गठबंधन को मिलने का अनुमान

## उद्धव ठाकरे की इलेक्शन कमिश्नर स्टाफ पर कार्रवाई की मांग

शिवसेना UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा- हमारे पूरे परिवार ने एक साथ वोट डाला, और हम उन सभी सीटों के सभी वोटरों से अपील करते हैं जहां चुनाव हो रहे हैं कि वे अपना वोट डालें। उन्होंने कहा- यह पता चलना चाहिए कि इलेक्शन कमिश्नर को कैसे पेमेंट किया जाता है। मुंबई नगर निगम चुनाव 9 साल के गैप के बाद हो रहे हैं। इन सालों में इलेक्शन कमिश्नर और उनके स्टाफ क्या कर रहे थे? उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

# मुंबई बीएमसी में 'देवा भाऊ' का जादू

## बीएमसी चुनाव-ठाकरे ब्रदर्स फ्लॉप, तीन एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को बहुमत

**मतदान**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई । महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में गुरुवार को वोटिंग खत्म हो गई है। मतदान के बाद आए बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) के 3 एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान है। भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 130 से 150 सीटें मिल सकती हैं। बहुमत के लिए 114 की जरूरत है। वहीं कांग्रेस गठबंधन को 60 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 5 से 7 सीटें आ सकती हैं। नतीजे शुक्रवार को आएंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

### 29 नगर निगम में चुनाव कुल वोटर्स : 3.48 करोड़

| | | |
|---|---|---|
| बीएमसी | पुणे | ठाणे |
| नागपुर | नवीमुंबई | नासिक |
| सोलापुर | वसई-विरार | मीरा- भयंदर |
| कोल्हापुर | अमरावती | अकोला |
| उल्हासनगर | मालेगांव | धुले |
| जलगांव | लातूर | परभणी |
| चंद्रपुर | पनवेल | अहमदनगर |
| इचलकरंजी | पिंपरी- चिंचवड़ | जालना |
| कल्याण-डोंबिवली | छत्रपति संभाजीनगर | भिवंडी-निजामपुर |
| नांदेड़-वाघाला | सांगली-मिरज-कुपवाड़ | |

### राज्य चुनाव आयुक्त बोले- स्याही को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा

वोट डालने के बाद मतदाताओं की उंगलियों पर लगाई जाने वाली स्याही को लेकर कुछ भ्रम पैदा किया जा रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि मतदाताओं की उंगलियों पर निशान लगाने के लिए इस्तेमाल की जा रही स्याही पक्की है। यह वही स्याही है जिसका इस्तेमाल भारत निर्वाचन आयोग विभिन्न चुनावों में करता है। यहां एकमात्र अंतर यह है कि इसे मार्कर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन मैं यह भी कहना चाहता हूं कि पक्की स्याही का यह मार्कर 2011 से इस्तेमाल में है। स्याही 12 सेकंड के भीतर सूख जाती है।


### बीएमसी में सीटों का बंटवारा, बीजेपी-शिंदे साथ, कांग्रेस अलग लड़ रही



बीएमसी चुनाव में कुल 227 सीटों पर चुनाव हुए। भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) में गठबंधन हैं। बीजेपी 137 सीटों पर लड़ रही है वहीं शिंदे की शिवसेना ने 90 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। उधर शिवसेना यूबीटी ने मनसे के साथ अलांयस किया है। यूबीटी जहां 163 सीटों पर लड़ी वहीं MNS को 52 सीट मिली। कांग्रेस ने वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) से गठबंधन किया है। कांग्रेस 143 सीटों पर लड़ रही है वहीं वीबीए को 46 सीट दी गईं हैं। एनसीपी ने किसी के साथ हाथ नहीं मिलाया। अजित गुट वाली ये पार्टी 94 सीटों पर लड़ रही है।

### वोटर लिस्ट से नाम गायब, स्याही भी हो रही साफ

शिवसेना UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, कई जगहें हैं जहां से शिकायतें आ रही हैं। कुछ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से गायब हैं। पहली बार हम ऐसा देख रहे हैं कि लगाई गई स्याही को अब साफ किया जा सकता है। >> (शेष पेज 06 पर)



**60** सीटें उद्धव की शिवसेना को मिल सकती हैं

### चुनाव में सिस्टम बहुत खराब

आदित्य ठाकरे ने कहा, आप देख सकते हैं कि मुंबई, पुणे और हर जगह चुनाव आयोग और नगर निगम का सिस्टम बहुत खराब हालत में है। पर्ची किसी दूसरे बूथ की, नाम अलग बूथ में है। कुछ जगहों पर नाम पुरुष का है जबकि फोटो महिला की है। सोचिए चुनाव अधिकारी कितनी गड़बड़ करते हैं। इन्हें हमारे पैसे से सैलरी दी जाती है, टैक्स देने वालों के पैसे से दी जाती है। इन पर सवाल उठाना जरूरी है।

### एआईएमआईएम प्रवक्ता बोले- लोकतंत्र की हत्या हो चुकी है

AIMIM के प्रवक्ता वारिस पठान ने कहा, मैंने मुंबई के हर बूथ का दौरा किया। पूरी तरह से अफरा-तफरी थी। वोटर्स के नाम गायब थे। महिलाएं और सीनियर सिटिजन बहुत परेशान थे। उन्हें वापस भेजा जा रहा था। चुनाव आयोग ने आखिर किया क्या? मेरी बेटी का नाम भी गायब था जोकि पहली बार वोट देने वाली थी। लोकतंत्र की हत्या हो चुकी है।

## तैयारी : ईरान से भारतीयों को एयरलिफ्ट करेगी सरकार

### पहला विमान कल तेहरान से दिल्ली आएगा

**तनाव**

तमसा संकेत, एजेंसी



कश्मीर में रहने वाले लोगों ने सरकार से मांग की है कि पढ़ाई करने ईरान गए बच्चों को वापस लाया जाए।

नई दिल्ली । ईरान में जारी सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार ने वहां से भारतीयों को एयरलिफ्ट करने की तैयारी कर ली है। पहला विमान कल तेहरान से नई दिल्ली के लिए रवाना होगा।

जम्मू और कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (JKSA) ने एक बयान में कहा, सभी छात्रों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। भारतीय दूतावास ने उनकी पर्सनल डिटेल और पासपोर्ट इकट्ठा कर लिए हैं। पहले बैच को सुबह 8 बजे तक तैयार रहने की जानकारी दे दी गई है। पहले बैच में गोलेस्तान

**स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन पूरा, पासपोर्ट जमा किए**

यूनिवर्सिटी, शाहिद बहेश्ती यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज और तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के कुछ स्टूडेंट्स शामिल हैं। फाइनल लिस्ट देर रात शेयर की जाएगी।

>> (शेष पेज 06 पर)

## शहीद जवान की मां मेडल लेते बेहोश हुईं

### एसएमएस स्टेडियम पहुंचे राजनाथ सिंह

तमसा संकेत, एजेंसी

जयपुर । जयपुर के SMS स्टेडियम में आर्मी-डे पर गुरुवार शाम शौर्य संध्या कार्यक्रम में सेना के पैराट्रूपर्स उतरे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में पूरा स्टेडियम जय हो के नारे से गूंज उठा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया- ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है, क्योंकि जब तक आतंक की सोच खत्म नहीं होती है, तब तक शांति के लिए हमारा यह प्रयास लगातार चलता रहेगा। मैं राजस्थान की वीर धरती से यह घोषणा कर रहा हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा-



**बोले- ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ**

ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य ताकत ही नहीं दिखाई, बल्कि अपने राष्ट्रीय स्वभाव का भी परिचय दिया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### पीएम मोदी बोले- 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले

नई दिल्ली । पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

**घटना | नुकसान**

### इंजन को नुकसान, पार्किंग के लिए ले जाते समय कोहरे के कारण हादसा

नई दिल्ली । दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह 5:25 बजे एअर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकरा गया। एयरलाइन ने बताया कि घने कोहरे में एयरबस A 350 विमान को पार्किंग के लिए ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना हुई। हादसे में विमान के इंजन को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। एयरबस A 350 की फ्लाइट AI101 दिल्ली से न्यूयॉर्क के बीच चलती है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट को अपना मार्ग बदलना पड़ा और वह वापस दिल्ली लौट आई थी।

### केरल के एसएआई हॉस्टल में 2 खिलाड़ियों के शव मिले

केरल । कोल्लम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया हॉस्टल में गुरुवार को दो नाबालिग स्पोर्ट्स ट्रेनी के शव कमरे में फंदे से लटके मिले। पुलिस के मुताबिक, दोनों छात्राएं स्पोर्ट्स कोचिंग ले रहीं थी और हॉस्टल में ही रह रही थीं। मृत लड़कियों की पहचान कोझिकोड जिले की सैंड्रा (17) और तिरुवनंतपुरम जिले की वैष्णवी (15) के रूप में हुई है।

## मकर संक्रांति : प्रयागराज में 91 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया

### पीएम ने अपने आवास पर गायों को चारा खिलाया

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। देशभर के कई हिस्सों में गुरुवार को भी मकर संक्रांति मनाई जा रही है। संक्रांति को लेकर गंगा, यमुना और नर्मदा जैसी प्रमुख नदियों के तटों पर लाखों लोग सुबह से डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज माघ मेले में आज मकर संक्रांति का स्नान पर्व है। संगम में शाम बजे तक 91 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के दौरान लगातार हादसे भी सामने आ रहे हैं। बीते दो दिनों में गुजरात में में 9 और राजस्थान में 6, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में 1-1 लोगों की मौत हो चुकी है। यूपी के वाराणसी के गंगा घाट और पश्चिम




**पतंगबाजी से 17 लोगों की मौत**

**सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में पूजा कर सीटी बजाई**

बंगाल के गंगासागर में स्नान के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी है। पंजाब के अमृतसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सचखंड श्री दरबार साहिब में पवित्र स्नान किया।

>> (शेष पेज 06 पर)

## आई-पीएसी रेड मामले में ममता सरकार को नोटिस, कहा- एजेंसी के काम में रुकावट न डालें

# सुप्रीम कोर्ट की ईडी अफसरों पर दर्ज एफआईआर पर रोक

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । I-PAC रेड मामले में ED की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया और दो हफ्तों में जवाब मांगा। कहा कि केंद्रीय एजेंसी के आरोप गंभीर है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने कहा कि सरकार ED के काम में दखल न डालें। एजेंसी को अपना काम करने दें। कोर्ट ने 3 फरवरी को अगली सुनवाई तक ED अधिकारियों के खिलाफ दर्ज FIR पर भी रोक लगा दी है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**एससी से ममता सरकार को बड़ा झटका**

"कलकत्ता हाइकोर्ट ने आई-पीएसी रेड मामले में बुधवार को टीएमसी की याचिका खारिज कर दी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि जांच एजेंसी ने 8 जनवरी को प्रतीक जैन के ऑफिस पर रेड मारकर कुछ कागजात जब्त किए थे। इस पर जांच एजेंसी ने कहा कि एजेंसी ने पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया है।



ममता 8 जनवरी को रेड के दौरान I-PAC डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पहुंची थीं।

### 2,742 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा आई-पीएसी छापा मामला

ED ने कोयला तस्करी से जुड़े 2,742 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस को लेकर I-PAC डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस पर छापा मारा था। CBI ने इस मामले में 27 नवंबर 2020 को FIR दर्ज की थी। ED ने 28 नवंबर 2020 को इसकी जांच शुरू की थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

### भाजपा बोली- ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

भाजपा ने कहा- आज ममता बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। इससे साबित हो गया है कि जंगल राज कैसा होता है। राज्य सरकार को जांच एजेंसी की मदद करनी चाहिए, लेकिन ममता बनर्जी ने फाइलें ही ले लीं। जो सोचता है कि वह संविधान से ऊपर हैं। अब यह नहीं चलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल द्वारा ED अधिकारियों के खिलाफ दायर FIR पर रोक लगा दी है।

**घटना : बर्थडे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में शॉर्ट सर्किट, धुआं भरा, बिना केक काटे वापस गईं**

# ब्राह्मणों को चोखा-बाटी नहीं सम्मान चाहिए : मायावती

हेमन्त कृष्णा

तमसा संकेत, लखनऊ । बसपा प्रमुख मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अफरा-तफरी के हालत बन गए। दरअसल, लखनऊ के पार्टी दफ्तर में मीडिया से बात करते वक्त हॉल की छत पर लगी लाइट में शॉर्ट सर्किट हो गया। चिनगारी निकलने लगी। देखते ही देखते हॉल में धुआं भर गया।

कॉन्फ्रेंस हॉल में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया। तुरंत ही सुरक्षाकर्मी हरकत में आए और अग्निशमन यंत्रों का इस्तेमाल कर हालात पर काबू पाया। तुरंत बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म कर दी गई।



मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्पार्किंग की वजह से धुआं निकलने लगा। इससे अफरा-तफरी के हालात बन गए।

### जातिवादी पार्टियों को मानसिकता बदलनी होगी

मायावती ने गठबंधन को लेकर कहा- आने वाले समय में अगर हमारी पार्टी को भरोसा हो जाएगा कि गठबंधन की इच्छुक जातिवादी पार्टियां, जातिवादी सोच को छोड़कर अपर कास्ट का वोट हमें ट्रांसफर करा सकती हैं, तब कोई सकारात्मक फैसला लिया जा सकता है। हालांकि, इसमें वर्षों लगेंगे। जातिवादी मानसिकता को बदलने में समय लगेगा। जातिवादी पार्टियां जब तक ऐसा नहीं कर पातीं, हम गठबंधन का नहीं सोच पाएंगे।

मायावती बिना केक काटे और मीडिया के सवाल लिए बिना ही रवाना हो गईं।

इससे पहले बसपा सुप्रीमो ने भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक पर बड़ा बयान दिया। कहा- ब्राह्मण समाज को किसी का बाटी चोखा नहीं चाहिए। उन्हें सिर्फ सम्मान चाहिए।

दर-असल, विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा के ब्राह्मण विधायकों ने बैठक की थी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था- ये पार्टी के अनुशासन के खिलाफ हैं। एक-एक से बात करके समझा दिया है। अब एक्शन लूंगा।

अखिलेश यादव ने भी भाजपा की चुटकी ली थी। उन्होंने नए साल पर दी गई बाटी चोखा-पार्टी में कहा था कि भाजपा विधायक बैठे-बैठे लिट्टी चोखा खा रहे थे। अगर वो सरकार के खिलाफ खड़े हो गए, तो क्या होगा? अब भाजपा बाटी-चोखा की भी जांच कर रही है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## हैदराबाद में मंदिर में तोड़फोड़ पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल

### परिसर में मूर्ति का टूटा हुआ हिस्सा मिला

**विवाद**

तमसा संकेत, एजेंसी

हैदराबाद । हैदराबाद के पुरानापुल इलाके में बुधवार रात मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई। मुर्ती को नुकसान पहुंचाया गया। एक बैनर फाड़ने की कोशिश की गई। जिसके बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन दौरान पथराव, वाहन जलाने और पास की एक दरगाह को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं हुईं। पुलिस ने दो अलग-अलग केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात करीब 11:30 बजे मंदिर में मूर्तियों के क्षतिग्रस्त होने और बैनर फाड़ने की कोशिश की सूचना मिली। इसके बाद स्थानीय लोग मंदिर के



**बीजेपी बोली- हिंदुओं और मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा, दो एफआईआर दर्ज**

पास जुटने लगे। नारेबाजी के साथ विरोध शुरू हुआ और कुछ ही देर में भीड़ बढ़ गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने पथराव किया। इसमें दो पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। इसी दौरान एक दोपहिया वाहन को आग के हवाले कर दिया गया।

>> (शेष पेज 06 पर)

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर रूफटॉप स्थापना में कानपुर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंचा

# छत बने पावर हाउस

**बदलाव**

- छत बने पावर हाउस, 20,756 से अधिक घर बने पावर यूनिट, शहर की छतों से हो रहा विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन



**80 हजार टन कार्बन उत्सर्जन में कमी, 35 लाख पेड़ों के बराबर पर्यावरणीय लाभ**



**नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने 64 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन पर जनपदवासियों को दी बधाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/कानपुर नगर। नगर विकास से मोरिया मंत्री श्री के शर्मा के नेतृत्व में ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश नीति नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।इसी क्रम में कानपुर नगर में बिजली उत्पादन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत शहर की छतों पर स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम से करीब 64 मेगावाट क्षमता की सौर बिजली तैयार हो रही है। अब तक जिले में 20,756 सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जा चुके हैं, जिससे उत्तर प्रदेश नेडा के आंकड़ों के अनुसार सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में कानपुर नगर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। शहर की छतें अब छोटे-छोटे पावर हाउस के रूप में उभर रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने जनपदवासियों को बधाई दी है।

ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार 64 मेगावाट सौर उत्पादन सालाना लगभग 9.6 करोड़ यूनिट स्वच्छ ऊर्जा के बराबर है। मौजूदा बाजार दरों के आधार पर इस बिजली का वार्षिक आर्थिक मूल्य करीब 34 से 38 करोड़ रुपये आंका जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इतनी मात्रा में बिजली पारंपरिक स्रोतों से खरीदी जाए, तो सरकार, संस्थानों और उपभोक्ताओं को हर वर्ष इतनी बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती। छतों पर सोलर संयंत्र स्थापित करवाने वाले लोगों के बिजली के बिल भी कम आ रहे हैं। योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी की व्यवस्था की गई है, जिसमें एक किलोवाट पर कुल 45 हजार रुपये तक का अनुदान तथा अधिकतम 1 लाख 8 हजार रुपये तक की सहायता निर्धारित है।

**प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रति किलोवाट सोलर रूफटॉप सिस्टम से रोजाना औसतन करीब 5 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। सोलर सिस्टम की लागत प्रति किलोवाट लगभग 60 से 65 हजार रुपये बताई गई है।**

फरवरी 2024 से शुरू हुई प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले में सोलर रूफटॉप स्थापना की रफ्तार लगातार बनी हुई है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 80 से 90 नए सोलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। व्यक्तिगत आवासों के साथ-साथ बहुमंजिला भवनों और हाउसिंग सोसाइटियों के कॉमन एरिया में भी सोलर सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे शहरी स्तर पर विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन का आधार मजबूत हो रहा है।

### 35 लाख पेड़ों के बराबर लाभ

ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों के मुताबिक 64 मेगावाट सौर उत्पादन से सालाना करीब 80 हजार टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आती है, जिसे पर्यावरणीय दृष्टि से लगभग 35 लाख पेड़ों के बराबर लाभ माना जा रहा है। इसके अलावा इतनी क्षमता से प्रतिदिन औसतन 30 से 35 हजार शहरी घरों की बिजली जरूरत पूरी की जा सकती है। कोयला आधारित बिजली की तुलना में सौर ऊर्जा को सस्ती, प्रदूषण-मुक्त और दीर्घकालिक समाधान माना जा रहा है।

# हिन्दू युवक ने हथौड़े से शिवलिंग तोड़ा

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



तमसा संकेत, एजेंसी

- युवक ने मंदिर में हथौड़े से शिवलिंग तोड़ दिया। जिससे आक्रोशित लोगों ने ठाकुरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

लखनऊ । लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में शिवलिंग तोड़ने का मामला सामने आया है। एक युवक ने मंदिर में हथौड़े से शिवलिंग तोड़ दिया। जिससे आक्रोशित लोगों ने ठाकुरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

हिंदू समाज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी ने बताया- बुधवार रात 11 बजे सूचना मिली कि ठाकुरगंज के खुदागंज नगरिया में मंदिर में शिवलिंग को एक युवक ने तोड़ दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अभिषेक गौतम और पुनी नाम के युवक ने शिवलिंग को हथौड़े से तोड़ा है।

**फास्ट न्यूज**

### फर्नीचर गोदाम में लगी आग

लखनऊ । लखनऊ के कल्याणपुर रिंग रोड क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक फर्नीचर की गोदाम में आग लग गई। घटना की सूचना रात करीब 12:57 बजे फायर स्टेशन इंदिरा नगर को मिली। आग मारुति शोरूम के सामने स्थित फर्नीचर गोदाम में लगी थी। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी इंदिरा नगर तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचने पर देखा गया कि भवन के ग्राउंड फ्लोट पर आग भड़क रही थी।

### लखनऊ में इवेंट मैनेजर की हादसे में मौत

लखनऊ। लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र में इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चलाने वाले युवक की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। घर से टिकट कराने चारबाग जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इंद्रपुरी कॉलोनी भोलाखेड़ा कृष्णानगर निवासी रवीश मिश्रा (27) इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चलाते थे। बुधवार दोपहर 12 बजे पटना की टिकट करने के लिए चारबाग के लिए निकले थे। बाइक से राजकीय उद्यान के पास पहुंचे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### इंजीनियर ने पति की पिटाई के बाद किया था सुसाइड

लखनऊ । लखनऊ की इंजीनियर बेटी ने सऊदी अरब में सुसाइड कर लिया। वह इंजीनियर पति के साथ रहती थी। मायके वालों को बेटी की मौत की खबर मिली, तो उन्होंने डेडबॉडी लखनऊ मंगाई। यहां पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से तय हो गया कि मायके वालों के आरोप सही हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृतका के शरीर पर 5 बड़ी चोट के निशान थे।

# इलाज कराने मुंबई जाना था, एयरपोर्ट पर हुई मौत

## चक्कर आने पर बेहोश हुआ, फिर नहीं उठा

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट से मुंबई जा रहे एक यात्री की अचानक मौत हो गई। यात्रियों ने VVIP लाउंज के पास बुजुर्ग को बेसुध देखा तो अथॉरिटी को सूचना दी। एयरपोर्ट की मेडिकल टीम ने तुरंत यात्री की जांच की। हालत गंभीर होने पर लोकबंधु अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक बुजुर्ग की पहचान बस्ती के रहने वाले मोहम्मद अली के तौर पर की। वह इलाज के लिए बहू-बेटे के साथ मुंबई जा रहे थे। पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना गुरुवार दोपहर 12 बजे की है।

एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक मोहम्मद अली को एयर इंडिया की फ्लाइट AI-2496 से मुंबई जाना था। वह VIP लाउंज के पास बेहोश पड़े मिले। एयरपोर्ट मेडिकल टीम को सुबह 11:17 बजे कॉल मिली, जिसके बाद टीम 11:19 बजे मौके पर पहुंची। जांच के दौरान यात्री की नब्ज 62 प्रति मिनट, ऑक्सीजन सैचुरेशन 86 प्रतिशत और ब्लड प्रेशर 90/50 दर्ज किया गया।

मेडिकल टीम ने तत्काल ऑक्सीजन सपोर्ट दिया। मरीज की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी। अटेंडेंट ने बताया कि मोहम्मद अली लंबे समय से बीमारी से ग्रसित हैं और पहले भी अस्पताल में भर्ती रह चुके हैं।

# 'महीनों से गंदा पानी पी रही जनता'

## लखनऊ स्थित उदयगंज की जनता से मिले संजय सिंह, गंदे पानी से जुड़ी समस्याएं सुनी

- लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की जनता को साफ पानी नहीं मिला तो सड़कों पर उतरेगी आम आदमी पार्टीः संजय सिंह



**क्या योगी सरकार मौत का इंतजार कर रही है?: संजय सिंह**

**संजय सिंह ने चेतावनी दी कि अगर योगी सरकार ने तुरंत इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया, तो आम आदमी पार्टी राजधानी लखनऊ में जोरदार जन आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतरकर जनता के हक के लिए संघर्ष करेगी।**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को योगी सरकार पर राजधानी लखनऊ में जनता को गंदा पानी पिलाने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सचिवालय कॉलोनी और उदयगंज जैसे वीआईपी माने जाने वाले इलाकों में हजारों लोग पिछले करीब आठ महीनों से गंदा, बदबूदार और दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इसके चलते बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं लगातार बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि बार-बार शिकायत और अनुरोध के बावजूद न तो साफ पानी की व्यवस्था की जा रही है और न ही नई बोरिंग कराई जा रही है। संजय सिंह ने सवाल किया कि क्या योगी सरकार इंदौर की तरह यहां भी लोगों की मौत का इंतजार कर रही है, तभी वह जागेगी?

लखनऊ स्थित उदयगंज इलाके में पहुंचे आप सांसद संजय सिंह ने स्थानीय जनता से सीधे संवाद कर गंदे पानी से जुड़ी भयावह समस्याओं को गंभीरता से सुना। लोगों ने बताया कि महीनों से नलों से बदबूदार, मटमैला और दूषित पानी आ रहा है, जिसे पीने से बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग लगातार बीमार पड़ रहे हैं। हालात इतने बदतर हैं कि साफ पानी की तलाश में लोगों को दूर-दूर भटकना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। जनता का दर्द सुनकर संजय सिंह ने योगी सरकार की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि जनता की सेहत के साथ किया जा रहा खुला अपराध है, जिसे आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

### कई महीनों से जलकल विभाग, नगर निगम और प्रशासन के चक्कर काट रहे



आप सांसद ने कहा कि स्थानीय लोग पिछले कई महीनों से जलकल विभाग, नगर निगम और प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। लिखित शिकायतें दी गईं, अधिकारियों से मुलाकात की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। न तो पाइपलाइन बदली गई, न टंकी की सफाई हुई और न ही नई बोरिंग कराई गई। यह सीधे-सीधे जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है और सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करता है। संजय सिंह ने कहा कि इंदौर में गंदे पानी से लोगों की जान जाने की घटनाएं पूरे देश ने देखी हैं। उसके बावजूद योगी सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार तब तक कार्रवाई नहीं करेगी, जब तक लखनऊ में भी मौतें न होने लगें? क्या जनता की जान की कोई कीमत नहीं है? उन्होंने कहा कि साफ पानी देना सरकार की जिम्मेदारी है, कोई एहसान नहीं।

## बर्थ-डे पार्टी चल रही थी, परिवार ने किया हंगामा, मैनेजर बोला- मामले को दबा दो

# रोबोट रेस्टोरेंट के नूडल्स में निकला कॉकरोच

**हड़कंप**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के एक रेस्टोरेंट में नूडल्स में कॉकरोच निकलने से हड़कंप मच गया। रेस्टोरेंट में बर्थडे पार्टी चल रही थी। बच्चों के लिए नूडल्स का ऑर्डर दिया गया। प्लेट में नूडल्स निकालते हुए उसमें कॉकरोच निकला। परिवार ने इसकी मैनेजर से शिकायत की।

परिवार का कहना है कि रेस्टोरेंट मैनेजर ने मामले में गलती मानने के बजाय दूसरा नूडल्स लेकर मामले को दबाने की बात की। इससे परिवार के लोग भड़क गए। मामले की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से शिकायत की।



मैनेजर जतिन चंदेल ने कहा- ये मानवीय भूल है। हम गलती मानते हैं। दोबारा ऐसा नहीं होगा।

### नूडल्स परोसते ही कॉकरोच निकला

आशुतोष की बेटी का बुधवार को जन्मदिन था। बुधवार शाम वह अपने परिवार और परिचितों के साथ रोबोट रेस्टोरेंट में पहुंचे। सभी ने अपने-अपने लिए ऑर्डर दिया। बच्चों के लिए नूडल्स मंगाया गया। बच्चों की प्लेट में नूडल्स परोसा गया। नूडल्स निकालते ही उसमें कॉकरोच मिला। आशुतोष ने बताया कि नूडल्स में कॉकरोच देखते ही बच्चे डर गए। बड़े लोग भी परेशान हो गए। उन्होंने कहा कि गनीमत रही कि कॉकरोच को देख लिया गया, यदि गलती से कोई बच्चा उसे खा लेता तो बड़ा खतरा हो जाता।



नूडल्स में कॉकरोच निकलने पर बच्चे डर गए।

### नामी रेस्टोरेंट के नूडल्स में कॉकरोच निकलने से उठे सवाल

घटना के समय रेस्टोरेंट में मौजूद अन्य ग्राहकों ने भी नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि रोबोट रेस्टोरेंट जैसे बड़े और आधुनिक प्रतिष्ठान से इस तरह की लापरवाही की उम्मीद नहीं थी। इस घटना ने रेस्टोरेंट प्रबंधन की कार्यप्रणाली के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अधिवक्ताओं के साथ बर्बर मारपीट की घटना की आप द्वारा कड़ी निंदा

## अधिवक्ताओं पर हिंसा बर्दाश्त नहीं-दोषियों पर एनएसए लगे : प्रखर श्रीवास्तव

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। हैदरगढ़ टोल प्लाज़ा पर अधिवक्ताओं के साथ की गई बर्बर मारपीट की घटना अत्यंत निंदनीय, शर्मनाक एवं प्रदेश की कानून-व्यवस्था की पूर्ण विफलता को दर्शाने वाली है। यह घटना न केवल अधिवक्ता समाज पर सीधा हमला है, बल्कि लोकतंत्र, न्याय व्यवस्था और मानवीय मूल्यों—तीनों को शर्मसार करने वाली है।

आम आदमी पार्टी इस जघन्य कृत्य की घोर निंदा करती है तथा उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस प्रशासन से यह मांग करती है कि इस घटना में संलिप्त सभी दोषियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की सुसंगत एवं कठोर धाराओं के अंतर्गत तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही, इस प्रकार की घटनाओं से सार्वजनिक शांति, कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द पर पड़ने वाले गंभीर प्रभाव को देखते हुए दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के अंतर्गत भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

आप लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ हो रहे निरंतर उत्पीड़न एवं हमलों को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब लागू किया जाए। इसके अतिरिक्त, टोल प्लाज़ा पर अधिवक्ताओं से की जा रही टोल वसूली को तत्काल प्रभाव से पूर्णतः समाप्त किया जाए, जिससे अधिवक्ताओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। यदि इस प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध NSA सहित कड़ी कानूनी धाराओं के अंतर्गत निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो आम आदमी पार्टी लीगल प्रकोष्ठ प्रदेशभर में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

आम आदमी पार्टी स्पष्ट शब्दों में यह कहना चाहती है कि अधिवक्ताओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय से कोई भी समझौता स्वीकार्य नहीं है। अन्याय, उत्पीड़न और दमन के विरुद्ध यह संघर्ष अंतिम परिणाम तक पूरी दृढ़ता के साथ जारी रहेगा।

# केजीएमयू की नर्सिंग छात्रा से रेप का आरोपी गिरफ्तार

## इंटर्न डॉक्टर करता था यौन शोषण, पढ़ाई के दौरान हुई थी दोस्ती

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के केजीएमयू की नर्सिंग छात्रा से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के आरोप में पुलिस ने केजीएमयू में इंटर्नशिप कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी शादी का झूठा वादा कर लंबे समय तक छात्रा का शारीरिक शोषण करता रहा और विरोध करने पर अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। कैसरबाग इंस्पेक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया- आरोपी इंटर्न डॉक्टर मोहम्मद अदील कैसरबाग स्थित आगा साहब की कोठी के एक फ्लैट में रहता था। पीड़ित नर्सिंग छात्रा की शिकायत पर 29 दिसंबर को मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद से ही आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था।



पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया और बुधवार को रेडक्रास अस्पताल के पास से आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तारी करीब 2:45 बजे की गई। आरोप है कि जब छात्रा एक दिन आरोपी से मिलने उसके फ्लैट पर पहुंची और शादी को लेकर दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की। इसके साथ ही धमकी दी कि अगर उसने दोबारा शादी की बात की तो उसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़ित ने इस मामले में कैसरबाग थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसके बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। इसको पकड़ने के लिए तीन टीमें लगाई गई थीं।

### शादी का झांसा देकर बनाए संबंध

छात्रा का आरोप था कि आरोपी इंटर्न डॉक्टर ने दोस्ती की और शादी का वादा कर उसे अपने फ्लैट पर बुलाता रहा। इसी दौरान उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब छात्रा शादी की बात करती तो आरोपी उसे टाल देता था।

**अपील : एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक, सीसीटीवी, सत्यापन और सतर्कता पर जोर**

# थाना सरोजनीनगर में पुलिस चौपाल

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। थाना सरोजनीनगर क्षेत्र में बुधवार को पुलिस-व्यापारी संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त, कृष्णानगर लखनऊ श्री रजनीश वर्मा ने की। इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और व्यापारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए एसीपी रजनीश वर्मा ने व्यापारियों को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस और व्यापारी वर्ग के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।





**"एसीपी रजनीश वर्मा ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा, सम्मान और समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।**

**व्यापारियों से अपराध नियंत्रण में सहयोग की अपील**

यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने और ग्राहकों को सड़क पर वाहन खड़ा न करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। इसके अलावा सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी सूचना की पुष्टि पुलिस से करने की सलाह दी गई। पुलिस-व्यापारी संवाद को और मजबूत करने के लिए भविष्य में भी इस तरह की बैठकें आयोजित करने की बात कही गई। बैठक के बाद पुलिस और व्यापारियों द्वारा संयुक्त रूप से पैदल गश्त कर क्षेत्र में सुरक्षा भावना को और सुदृढ़ किया गया। वहीं बैठक में मौजूद व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे सुरक्षा प्रयासों की सराहना करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस पुलिस चौपाल से क्षेत्र में आपसी विश्वास, सुरक्षा भावना और सौहार्दपूर्ण माहौल को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### बैठक के प्रमुख बिंदु

पुलिस ने सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और उन्हें चालू अवस्था में रखने का आग्रह किया, ताकि किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में साक्ष्य उपलब्ध हो सके। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों, अज्ञात व्यक्तियों या असामान्य घटनाओं की सूचना तत्काल स्थानीय थाना या डायल 112 पर देने को कहा गया। व्यापारियों को अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों और सुरक्षा कर्मियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए। रात्रि में दुकानें बंद करते समय शटर, ताले और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा अनावश्यक रूप से देर रात दुकानें खुली न रखने की सलाह भी दी गई।

# जिले में बागवानी की नई पहल

## एमआईडीएच और पीएम कृषि सिंचाई योजना के तहत हुआ स्थलीय निरीक्षण

निर्देश

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जनपद में उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत माइक्रो इरिगेशन योजनाओं का प्रभाव अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने विकासखंड टांडा के ग्राम इब्राहिमपुर में किसानों के प्रक्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रॉबेरी, शिमला मिर्च और टिशू कल्चर केले की उन्नत खेती को देखा गया। किसान चन्द्रेश वर्मा ने विभागीय प्रोत्साहन से एक एकड़ क्षेत्रफल में शिमला मिर्च की खेती भी शुरू की है। शिमला मिर्च उत्पादन में लगभग 50 हजार रुपये की लागत आती है, जबकि छह माह की फसल से 3 से 3.5 लाख रुपये तक की आमदनी हो रही है। यह फसल भी किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। स्ट्रॉबेरी और शिमला मिर्च की खेती में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि ड्रिप सिंचाई से लगभग 80 प्रतिशत पानी और श्रम की बचत होती है, साथ ही उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। यह तकनीक लागत घटाने और लाभ बढ़ाने में सहायक साबित हो रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने खेतों में खड़ी फसलों को देखकर संतोष व्यक्त किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की एमआईडीएच योजना जनपद के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। यह योजना किसानों की आय दोगुनी या तिगुनी करने में सहायक है और जनपद को वन ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य से जोड़ने में योगदान दे रही है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी, योजना प्रभारी राकेश कुमार गोंड और सहायक उद्यान निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभ की जानकारी ली।

### टिशू कल्चर केले की खेती को भी मिला बढ़ावा

निरीक्षण के दौरान ग्राम इब्राहिमपुर में ही किसान अमरजीत वर्मा के प्रक्षेत्र में 0.5 हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगे टिशू कल्चर केले का भी अवलोकन किया गया। किसान ने बताया कि विभाग द्वारा डीबीटी माध्यम से 21 हजार रुपये की अनुदान राशि खाते में प्राप्त हुई है। टिशू कल्चर केला कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली फसल मानी जा रही है।

### एक हेक्टेयर में स्ट्रॉबेरी, छह माह में 20 से 25 लाख की संभावित आय

ग्राम इब्राहिमपुर निवासी किसान चन्द्रेश वर्मा द्वारा एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्ट्रॉबेरी की खेती की जा रही है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि स्ट्रॉबेरी उत्पादन में लगभग चार लाख रुपये की लागत आती है, जबकि फसल से छह माह में 20 से 25 लाख रुपये तक की आय की संभावना है। यह जनपद में एमआईडीएच योजना के अंतर्गत पहली बार शुरू की गई खेती है, जिसने अन्य किसानों का भी ध्यान आकर्षित किया है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इसी योजना के अंतर्गत जनपद में पहली बार स्ट्रॉबेरी और ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा दिया गया है। इस नवाचार को देखते हुए स्ट्रॉबेरी के क्षेत्रफल विस्तार और किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराने के निर्देश दिए गए।

# स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

## दूसरे सेमीफाइनल में बस्ती ने आजमगढ़ को 6 विकेट से हराया

■ 17 जनवरी को बस्ती और शीश महल लखनऊ के बीच खेला जाएगा फाइनल

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बस्ती की टीम ने आजमगढ़ को 6 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही और अंतिम क्षणों तक उत्साह बना रहा।

मैच के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ ज्ञानदीप वर्मा रहे। उन्होंने मैदान पर पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इससे पहले मुख्य अतिथि ने स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया। मैच में टॉस जीतकर बस्ती ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आजमगढ़ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए। टीम की ओर से सौरभ ने सर्वाधिक 37 रन बनाए।

### आशुतोष और आदित्य की दमदार बल्लेबाजी

132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्ती की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। ओपनर बल्लेबाज आदित्य और आशुतोष ने सधी हुई लेकिन आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को मजबूत आधार दिया। आशुतोष ने 49 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि आदित्य ने 40 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए। इस दौरान कुल 6 चौके और एक गगनचुंबी छक्का देखने को मिला।

फास्ट न्यूज

### सड़क हादसे में युवक की मौत

जैदपुर (नवाबगंज), बाराबंकी । बाराबंकी के जैदपुर में गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। यह हादसा दुग्ध वाहन को ओवरटेक करते समय हुआ।

जैदपुर-सफदरगंज मार्ग पर नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के सामने यह घटना हुई। सफदरगंज से जैदपुर की ओर जा रहे स्कूटी सवार दो युवक एक दुग्ध वाहन को ओवरटेक कर रहे थे।

### 4 घरों से 8 लाख के जेवर-नगदी चोरी

अंबेडकरनगर । अकबरपुर थाना क्षेत्र में बुधवार बीती रात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया। मेंदीपुर और रौतापुर गांवों में हुई इन वारदातों में चोर करीब 8 लाख रुपये नकद और जेवर लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। रौतापुर गांव में ग्राम प्रधान राम अकबाल के घर में चोर छत के रास्ते घुसे। उन्होंने परिवार के सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद, चोरों ने दूसरे कमरे का दरवाजा और अलमारी का ताला तोड़कर लगभग 50 हजार रुपये नकद, सोने की चेन, चार अंगूठियां, सोने की पायल और झुमके सहित करीब पांच लाख रुपये के जेवर चुरा लिए।

### जिला निगरानी समिति की बैठक संपन्न

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांग मतदाताओं से संबंधित गठित जिला निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) मतदाताओं की पहचान, पंजीकरण एवं निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जनपद में 4 माह के बच्चे को छोड़ महिला प्रेमी संग फरार

## कटका थाना क्षेत्र का मामला, पति ने पुलिस से लगाई गुहार

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के कटका थाना क्षेत्र से पारिवारिक संबंधों से जुड़ा एक मामला सामने आया है, जहां एक महिला अपने चार माह के दुधमुंहे बच्चे को छोड़कर कथित रूप से अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी का माहौल है और बच्चे की देखभाल अब पिता के जिम्मे है। पीड़ित पति की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित पति के अनुसार वह अपनी पत्नी के साथ मुरादाबाद जनपद में रहकर मजदूरी करता था। इसी दौरान उसकी पत्नी की पहचान मुरादाबाद जनपद के थाना क्षेत्र गागन अंतर्गत ग्राम निवासी युवक कैलाश से हुई। शुरुआत में सामान्य बातचीत के बाद दोनों के बीच संपर्क बढ़ता गया। पति का आरोप है कि यही संबंध आगे चलकर परिवार टूटने का कारण बना।

पति ने बताया कि 8 जनवरी को वह मुरादाबाद से अपने पैतृक गांव, कटका थाना क्षेत्र, आया हुआ था। इसी दौरान उसकी पत्नी कथित रूप से युवक के संपर्क में रही। आरोप है कि इसी समय युवक ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला के जाने के बाद घर में चार माह का बच्चा रह गया।

महिला के अचानक लापता होने के बाद पति ने अपने स्तर से रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। कई दिनों तक प्रयास करने के बाद भी जब महिला का कोई सुराग नहीं लगा, तब पति ने कटका थाने में पहुंचकर मामले की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की। महिला के जाने के बाद चार माह का दुधमुंहा बच्चा पिता के पास है।

# मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज संगठन सामाजिक मुद्दों पर चर्चा

## मां काली दुर्गा मंदिर परिसर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



बसखारी, अंबेडकर नगर। मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, अंबेडकर नगर के तत्वावधान में जमुनीपुर स्थित मां काली दुर्गा मंदिर के प्रांगण में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य सामाजिक एकजुटता, संगठन विस्तार और समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श रहा।

खिचड़ी भोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार पांडे उर्फ काकू पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव बागीश मिश्रा द्वारा किया गया। आयोजन की जिम्मेदारी पंडित आत्माराम तिवारी ने संयोजक के रूप में निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक परंपराओं के अनुरूप की गई, जिसके बाद विचार गोष्ठी आयोजित हुई।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों और सामाजिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि समाज को संगठित रहकर ही अपने अधिकारों और मूल्यों की रक्षा करनी होगी। इसके साथ ही बच्चों में संस्कार, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में समाज को अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एकता के बिना किसी भी समाज की मजबूती संभव नहीं है। उन्होंने संगठन के माध्यम से समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा में कार्य करने की अपील की।

जिला अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में वर्तमान आरक्षण व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि योग्यता की अनदेखी कर आरक्षण के नाम पर ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं, जो समाज और भविष्य के लिए चिंताजनक हैं।

# मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मना मंदिरों में पूजन-अर्चन



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । गुरुवार को मकर संक्रांति का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों में पूड़ी-पकवान के साथ विशेष रूप से खिचड़ी बनाई गई। टांडा के महादेवा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और स्नान कर धार्मिक पूजा-अर्चना की। जिले के विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन किया।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने महादेवा घाट पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला मुख्यालय के कई स्थानों पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी खिचड़ी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने पूजन-अर्चन के साथ ही स्नान-दान कर भगवान सूर्य की विशेष आराधना की।

शिवबाबा और सम्मनपुर नानहू यादव बालिका इंटर कॉलेज, मछली गांव में भी खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मकर संक्रांति पर्व को खिचड़ी पर्व के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस तिथि के बाद से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं।

## अम्बेडकरनगर में सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था रही सुदृढ़

# गोबिन्द साहब मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर में आयोजित ऐतिहासिक गोबिन्द साहब मेला का सकुशल, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से समापन हो गया। मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बावजूद कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, मेला समिति और आमजन के सहयोग से आयोजन पूरी तरह सफल रहा।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए थे। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान चिन्हित किए गए, जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी गई और जरूरत के अनुसार यातायात को नियंत्रित किया गया।

मेले में उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष रणनीति अपनाई। प्रवेश और निकास मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की गई। भीड़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। महिला, बुजुर्ग और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती गई। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्यामदेव ने मेला ड्यूटी में तैनात सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों, मेला समिति, प्रशासनिक अधिकारियों तथा श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वय से ही गोबिन्द साहब मेला शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

**पूरे मेला आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्या या यातायात अवरोध की सूचना नहीं मिली। श्रद्धालुओं ने भी प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।**

### पुलिस प्रशासन ने किए व्यापक सुरक्षा प्रबंध

मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्यामदेव के पर्यवेक्षण में मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई।

### पैदल गश्त, पिकेट ड्यूटी और निगरानी

मेला परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पैदल गश्त, पिकेट ड्यूटी और लगातार मॉनिटरिंग के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। पुलिस बल को विभिन्न सेक्टरों में तैनात कर भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मी सतर्क और तैयार रहे।

# मकर संक्रांति पर तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट ने दिया गौ-सेवा का संदेश

## जलालपुर की गौशाला में तिल-गुड़ खिलाकर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

तमसा संकेत, संवाददाता



जलालपुर, अम्बेडकरनगर। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गुरुवार को तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट की ओर से गौ-सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारी जलालपुर क्षेत्र स्थित स्थानीय गौशाला पहुंचे, जहां गायों को तिल और गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया गया। इस पहल को सामाजिक सरोकार और परंपराओं से जुड़ा संदेश माना जा रहा है। कार्यक्रम के तहत ट्रस्ट अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आलोक बाजोरिया और विकाश निषाद ने गौशाला में रह रही गायों की देखरेख की और उन्हें पौष्टिक आहार के रूप में तिल और गुड़ खिलाया। इस दौरान गौशाला प्रबंधन से व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली गई और स्वच्छता व संरक्षण पर चर्चा हुई। ट्रस्ट अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को विशेष स्थान प्राप्त है और मकर संक्रांति जैसे पर्व पर गौ-सेवा करना परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि तिल और गुड़ को ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है, जिसका धार्मिक और सामाजिक महत्व है। इस अवसर पर गौ-सेवा के माध्यम से समाज में प्रकृति और जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट की इस पहल की स्थानीय स्तर पर सराहना की गई। गौशाला प्रबंधन ने सहयोग के लिए ट्रस्ट पदाधिकारियों का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सेवा कार्य संपन्न हुआ।

ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उनका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ते हुए सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना है।

# मकर संक्रांति पर डिवहारे बाबा देवस्थान में विशाल आयोजन

## कलश शोभायात्रा और खिचड़ी भोज में उमड़ा जनसैलाब


तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गुरुवार को डिवहारे बाबा देवस्थान दरगाह, रसूलपुर में धार्मिक और सामाजिक समरसता का बड़ा आयोजन देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के नेतृत्व में अखंड रामायण पाठ, वृहद कलश शोभायात्रा और विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। आयोजन के दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। आयोजन की शुरुआत बुधवार की सुबह अखंड रामायण पाठ से हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पुरोहितों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर रामायण पाठ का शुभारंभ कराया। पूरे दिन और रात चले इस पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। रामायण पाठ के समापन के बाद गुरुवार की सुबह धार्मिक अनुष्ठानों के अगले क्रम में कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। गुरुवार सुबह निकाली गई कलश शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सनातन परंपरा से जुड़े लोग मौजूद रहे। डीजे की धुन पर बजते भक्ति गीतों और धार्मिक नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। शोभायात्रा को देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर लोगों की भीड़ जुटी रही। कलश शोभायात्रा के बाद विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। आयोजन स्थल पर दूर-दराज से आए लोगों सहित स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों के अनुसार खिचड़ी भोज में हजारों लोग शामिल हुए। पूरे आयोजन में व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम : अनूप जलोटा, कुमार विश्वास सहित ख्यातिप्राप्त कलाकार होंगे शामिल

# 18 से 20 जनवरी तक श्रवण क्षेत्र चिउटीपारा में भव्य श्रवण धाम महोत्सव



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से जनपद अंबेडकरनगर के कटेहरी विकास खंड अंतर्गत श्रवण क्षेत्र चिउटीपारा में 18 से 20 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय श्रवण धाम महोत्सव–2026 का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और लोक कलाओं का समन्वित मंच बनेगा, जिसमें प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से कलाकार, श्रद्धालु और पर्यटक सहभाग करेंगे।

महोत्सव स्थल पर तामसा आरती, भव्य दीपोत्सव, लेजर शो, फूलों की होली सहित अनेक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य श्रवण क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना है। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अनुभव मिलेगा।

19 जनवरी 2026, सोमवार को किसान सम्मेलन एवं गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही राजस्थान, कथक और झारखंड के लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां होंगी। सायंकाल तामसा आरती के उपरांत कुमार विश्वास की उपस्थिति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

महोत्सव के अंतिम दिन 20 जनवरी 2026, मंगलवार को हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा।





**महोत्सव के दौरान विभागीय प्रदर्शनी, कृषि मेला, स्वास्थ्य मेला, महिला सशक्तिकरण गतिविधियां, विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, फूड स्टॉल और बच्चों के मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे। यह आयोजन स्थानीय कारीगरों, कलाकारों और स्वयं सहायता समूहों को भी मंच प्रदान करेगा।**

### भजन संध्या और दीपोत्सव

महोत्सव का शुभारंभ 18 जनवरी 2026, रविवार को पूजन-हवन के साथ होगा। इसके बाद स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभागीय कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। औपचारिक उद्घाटन के पश्चात फूलों की होली, तामसा आरती और दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में प्रसिद्ध भजन गायक अनुप जलोटा की भजन संध्या मुख्य आकर्षण रहेगी।

# सम्पादकीय

## आफत बने आवारा कुत्ते




पशु कल्याण बोर्ड के इस आंकड़े से आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश से असहमत लोगों की आंखें खुल जाएं तो अच्छा कि देश में प्रतिदिन करीब दस हजार लोगों को लावारिस कुत्ते काटते हैं। इस बोर्ड के आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि कुत्तों का शिकार होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2022 में कुत्तों के काटने के करीब 22 लाख मामले दर्ज हुए थे।

2023 में यह संख्या लगभग 27.5 लाख रही और 2024 में 37 लाख से अधिक पहुंच गई। ये वे आंकड़े हैं, जो रिपोर्ट होते हैं। कोई भी समझ सकता है कि ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों के न जाने कितने मामले तो रिपोर्ट ही नहीं होते। आवारा कुत्तों के कारण लोगों को जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो भी आदेश-निर्देश दिए, उन पर कड़ाई से पालन होना ही चाहिए।

विडंबना यह है कि पशु प्रेमी लोगों को आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने और उनकी आक्रामकता से लोगों को बचाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश रास नहीं आ रहे हैं। वे आए दिन सुप्रीम कोर्ट में अपना पशु प्रेम प्रदर्शित करने के लिए खड़े हो जाते हैं और वहां कुतर्कों के साथ अव्यावहारिक सुझाव भी पेश करते हैं। वे जैसी संवेदनशीलता लावारिस कुत्तों के प्रति दिखाते हैं, वैसी मनुष्यों के प्रति दिखाने के लिए तैयार नहीं। आखिर यह कैसा पशु प्रेम है कि मनुष्यों से अधिक आवारा कुत्तों की चिंता की जा रही है और वह भी तब जब वे आफत बन रहे हैं?

निःसंदेह भारतीय संस्कृति प्राणिमात्र के कल्याण की बात करती है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि आवारा कुत्तों अथवा अन्य बेसहारा पशुओं को इतनी अधिक प्राथमिकता मिले कि मनुष्यों के समक्ष संकट पैदा हो जाए। पशु प्रेमी लोग आवारा कुत्तों के नियमन-नियंत्रण का विरोध तो करते हैं, लेकिन उन्हें पालने अथवा उनकी देखभाल करने के लिए तैयार नहीं।

उलटे उन्हें सड़कों पर खाना खिलाने और उनका जहां-तहां विचरण होने देने की स्वतंत्रता चाहते हैं। संकट केवल यह नहीं कि आवारा कुत्तों के काटने के मामले बढ़ रहे हैं, बल्कि यह भी है कि ऐसे कई मामले जानलेवा सिद्ध हो रहे हैं। हर दिन देश के किसी न किसी हिस्से से आवारा कुत्तों के शिकार लोगों की मौत के समाचार सामने आते हैं।

गत दिवस ही फिरोजपुर में आवारा कुत्तों के हमले में एक युवक की मौत हो गई। ऐसी मौतों से किसी का भी हृदय द्रवित हो जाए, लेकिन कथित पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को लेकर अपनी बेजा दलीलें छोड़ने को तैयार नहीं और वह भी तब, जब इससे भली तरह परिचित हैं कि हमारे नगर निकाय उन पर लगाम लगाने में नाकाम हैं और विकसित देशों में आवारा पशुओं को नियंत्रित करने का काम कठोरता से होता है।

# क्या ईरान में इस्लामी शासन एक सोची समझी क्रूर रणनीति का नतीजा है?





> ईरान में इंटरनेट शटडाउन तो आम बात है लेकिन वहां का सर्विलांस उससे कहीं आगे है। ऑनलाइन कंटेंट की निगरानी करने वाले हजारों 'साइबर जासूस' तैनात हैं। वे सोशल मीडिया पर असंतोष की छोटी सी चिंगारी को भी आग बनने से पहले बुझाने का काम करते हैं।

ईरान एक बार फिर उबल रहा है। तेहरान की सड़कों से लेकर कुर्दिस्तान के पहाड़ों तक, 'तानाशाही मुर्दाबाद' के नारे गूंज रहे हैं लेकिन यह पहली बार नहीं है। पिछले 17 वर्षों में ईरान कई बार इस दोराहे पर खड़ा हुआ है। हर बार जब जनता सड़कों पर उतरती है तो दुनिया को लगता है कि शायद इस बार इस्लामी गणराज्य की नींव हिल जाएगी लेकिन जैसे ही धूल छंटती है, अयातुल्ला का शासन और भी क्रूरता के साथ अपनी जगह पर कायम नजर आता है। आज वही पुराने सवाल फिर से फिजाओं में तैर रहे हैं कि आखिर ईरानी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए क्या करना होगा? हम कैसे जानेंगे कि हम उस निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं जहां से वापसी मुमकिन नहीं है? और सबसे बड़ा सवाल कि इतनी कोशिशों के बावजूद हर बार नाकामी ही क्यों हाथ लगती है?

ईरान के इस्लामी शासन का टिके रहना कोई चमत्कार नहीं है बल्कि यह एक बेहद सोची-समझी और क्रूर रणनीति का नतीजा बताया जा रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक- दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में, ईरान के पास अपने ही नागरिकों के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए सबसे गहरा, सबसे व्यापक और सबसे प्रभावी सुरक्षा तंत्र है। ईरानी सत्ता की सबसे बड़ी ताकत उसकी सेना नहीं बल्कि 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) और उसका अर्धसैनिक बल 'बासिज' है। बासिज कोई साधारण पुलिस बल नहीं है। यह समाज के भीतर बुना हुआ एक ऐसा नेटवर्क है, जिसमें आपके पड़ोसी, दुकानदार या साथ पढ़ने वाला छात्र भी मुखबिर हो सकता है। बासिज को शासन के दमनकारी मूल्यों की रक्षा करने का काम सौंपा गया है। जब विरोध होता है तो ये सादे कपड़ों में भीड़ में घुस जाते हैं, नेताओं की पहचान करते हैं और हिंसक कार्रवाई करते हैं। जानकारों के अनुसार चूंकि इनकी निष्ठा देश के प्रति नहीं बल्कि सुप्रीम लीडर के प्रति होती है, इसलिए ये अपनी ही जनता पर गोली चलाने में हिचकिचाते नहीं हैं।

ईरानी सरकार ने विद्रोह को कुचलने के लिए एक मनोवैज्ञानिक युद्ध की नीति अपनाई है। मानवाधिकार समूहों और जेल से रिहा हुए कैदियों की गवाही बताती है कि सरकार अब सिर्फ मारने में विश्वास नहीं करती, वह 'तोड़ने' में विश्वास करती है। अक्सर, सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करते हैं और उन्हें जेल में अमानवीय यातनाएं देते हैं लेकिन उन्हें हमेशा के लिए जेल में रखने के बजाय, कई बार उन्हें तब रिहा कर दिया जाता है। जब वे बुरी तरह पिट चुके होते हैं, उनका शरीर और मन टूट चुका होता है। इसके पीछे एक भयानक तर्क है कि जब एक मोहल्ले का लड़का जेल से वापस आता है और उसकी हालत देखकर उसके दोस्त और परिवार वाले सहम जाते हैं तो यह दूसरों के लिए डरावना सबक बन जाता है। इसे देखकर लोग ऐसी हरकतें नहीं करते।

जानकारों के अनुसार ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए जरूरी होगा कि सुरक्षा बलों का पाला बदले लेकिन यह किसी भी क्रांति की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। जब तक बंदूक थामने वाले हाथ सरकार के साथ हैं, सरकार सुरक्षित है। ईरानी सरकार के गंभीर रूप से गिरने के खतरे के लिए, यह अनिवार्य है कि सुरक्षा बलों की एक बड़ी संख्या विशेषकर नियमित सेना और पुलिस न कि आईआरजीसी पाला बदलकर प्रदर्शनकारियों में शामिल हो जाए या कम से कम, वे निहत्थे लोगों पर गोली चलाने से इनकार कर दें। ऐसा अभी तक नहीं हुआ है। अयातुल्ला शासन आईआर-जीसी और बासिज को इतना आर्थिक लाभ दिया जाता है कि वे अंत तक वफादार बने रहते हैं।

अब तक के आंदोलनों की सबसे बड़ी कमजोरी रही है कि उनके पास कोई चेहरा नहीं था। सरकार को गिराने के लिए एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो न केवल भीड़ को दिशा दे सके बल्कि सुरक्षा बलों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ भी बातचीत कर सके। बिना किसी स्पष्ट विकल्प के बहुत से लोग मौजूदा खराब व्यवस्था को अराजकता से बेहतर मानते हैं। ईरान की क्रांति (1979) तब सफल हुई थी जब तेल कर्मचारियों और बाजारियों यानी व्यापारी वर्ग ने हड़ताल कर दी थी। सरकार को घुटनों पर लाने के लिए देश की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह ठप करना होगा। जब तक तेल बिक रहा है और पैसा रिवोल्यूश-नरी गार्ड्स तक पहुंच रहा है, वे दमन जारी रखेंगे।

ईरान में गत 17 सालों में कई कोशिशें हुई लेकिन सब फेल हो गई। 2009 ग्रीन मूवमेंट हुआ कारण था विवादित राष्ट्रपति चुनाव। लोगों ने पूछा- "मेरा वोट कहां है?" लाखों लोग सड़कों पर उतरे। यह 1979 के बाद सबसे बड़ा प्रदर्शन था लेकिन सरकार ने बेरहमी से कुचल दिया। सैकड़ों मारे गए, विपक्षी नेताओं (मीर हुसैन मौसवी, मेहदी करौबी) को नजरबंद कर दिया गया। यह आंदोलन मुख्य रूप से राजनीतिक था और मध्यम वर्ग तक सीमित था। इसी प्रकार वर्ष 2017-2018 में आर्थिक विद्रोह हुआ। वजह थी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार । यह आंदोलन तेहरान से नहीं बल्कि छोटे शहरों और गरीब तबकों से शुरू हुआ था। नारे थे- सुधारवादी, कट्टरपंथी खेल खत्म हुआं लेकिन सुरक्षा बलों ने हजारों को गिरफ्तार किया। चूंकि इसका कोई केंद्रीय नेतृत्व नहीं था, इसलिए इसे दबाना आसान था। वर्ष 2019 में पेट्रोल की कीमतों में अचानक 200 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने पर विद्रोह हुआ. बताया जा रहा है ईरान में यह सबसे हिंसक प्रदर्शन था। लोगों ने पेट्रोल पंप और बैंक जला दिए। इसे दबाने के लिए सरकार ने इंटरनेट पूरी तरह बंद कर दिया और सेना उतार दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक महज तीन दिनों में 1500 से ज्यादा लोग मारे गए। यह शासन की क्रूरता का चरम था। वर्ष 2022-23 में पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत होने पर महसा अमीनी और 'जिन, जियान, आजादी' के नाम पर आन्दोलन हुआ। यह आंदोलन 'हिजाब' के खिलाफ शुरू हुआ था लेकिन जल्द ही व्यवस्था परिवर्तन की मांग में बदल गया।

**रामस्वरूप रावतसरे**

## भारत की चिंता बढ़ाता ईरान का संकट

दिसंबर 2025 के अंत में ईरान में शुरू हुए व्यापक विरोध-प्रदर्शनों ने इस इस्लामिक गणराज्य के समक्ष हाल के वर्षों की सबसे गंभीर आंतरिक चुनौती खड़ी कर दी है। महंगाई, मुद्रा अवमूल्यन और आर्थिक कुप्रबंधन के खिलाफ शुरू हुआ यह जनाक्रोश जल्द ही एक राजनीतिक संकट में बदल गया, जिसमें प्रदर्शनकारी खुलकर सत्ता परिवर्तन की मांग करने लगे। ईरान का आर्थिक संकट कोई नया घटनाक्रम नहीं है। वर्षों से ढांचागत कमजोरियों, भ्रष्टाचार, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और नीतिगत गलतियों ने उसकी अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है।

ईरानी मुद्रा में तेज गिरावट, खाद्य पदार्थों की दरों में उछाल और व्यापक बेरोजगारी ने दिसंबर में विरोध की चिंगारी सुलगा दी। यह आंदोलन पहले तेहरान के बाजारों से शुरू हुआ और कुछ ही दिनों में देश के सभी 31 प्रांतों में 300 से अधिक स्थानों पर फैल गया। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और मजहबी सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ नारे संकेत हैं कि शासन की वैधता पर गहरा सवाल खड़ा हो चुका है। ईरान का मौजूदा संकट यही दर्शाता है कि आर्थिक कुप्रबंधन और राजनीतिक कठोरता के दीर्घकालिक रणनीतिक परिणाम होते हैं।

भारत के लिए भी यह संकट केवल एक दूरस्थ आंतरिक उथल-पुथल नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया में रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। ईरानी सरकार की प्रतिक्रिया सख्त और दमनकारी रही है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सैकड़ों लोगों की मौत हुई है, जिनमें नाबालिग भी शामिल हैं। जहां राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकियन ने संयम बरतने और हिंसा से बचने की अपील की है, वहीं न्यायपालिका, सुरक्षा तंत्र और सर्वोच्च नेतृत्व का रुख कहीं अधिक सख्त है। यह संकट से निपटने में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर असहमति को भी दर्शाता है।

**आनंद कुमार**

### विचाराधीन बंदियों की ...
अमरपाल सिंह वर्मा

## न्याय व्यवस्था में जमानत और गरीबी का सवाल

राजस्थान हाईकोर्ट के एक हालिया फैसले ने उस व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं जिसमें जमानत और पैरोल की शर्तें कई बार गरीब कैदियों के लिए राहत नहीं बल्कि एक और सजा बन जाती हैं। कोर्ट ने हाल में उम्रकैद की सजा भुगत रहे एक कैदी खरताराम की चिट्ठी को ही याचिका मानकर सुनाए गए फैसले में कहा है कि गरीबी कोई अपराध नहीं है और न ही यह किसी व्यक्ति को उसके अधिकारों से वंचित करने का आधार बन सकती है। पाली जिले का निवासी खरताराम हत्या के एक मामले में 2014 से सजा काट रहा है। जिला पैरोल कमेटी ने 29 सितंबर 2025 को उसे चौथी बार 40 दिन की नियमित पैरोल पर रिहा करने का आदेश दिया लेकिन इसके साथ 25-25 हजार रुपए के दो जमानती पेश करने की शर्त जोड़ दी गई। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होने के कारण खरताराम यह शर्त पूरी नहीं कर सका। उसके पास वकील करने तक के पैसे नहीं थे, इसलिए उसने जेल से ही पोस्टकार्ड भेजकर हाईकोर्ट से गुहार लगाई। हाईकोर्ट ने न केवल उसकी याचिका सुनी बल्कि इस फैसले को ऐसे मामलों में एक नजीर के रूप में स्थापित कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि पैरोल या जमानत की शर्तें तय करते समय अधिकारियों को मशीनी रवैया छोडक़र मानवीय और संवैधानिक



दृष्टि अपनानी होगी। यह फैसला केवल एक कैदी को राहत देने तक सीमित नहीं है बल्कि यह उस व्यापक समस्या की ओर इशारा करता है जिसमें देश में हजारों गरीब कैदी फंसे हुए हैं। सवाल केवल पैरोल का नहीं है। सवाल उस व्यापक ढांचे का है जहां जमानत, पैरोल और अर्थदंड जैसे कानूनी प्रावधान गरीब व्यक्ति के लिए राहत नहीं बल्कि नई सजा बन जाते हैं। देश की जेलों में आज भी बड़ी संख्या में ऐसे कैदी बंद हैं जिन्हें अदालतें जमानत या पैरोल दे चुकी हैं लेकिन पैसे के अभाव में वे सलाखों के पीछे ही पड़े हैं। कई ऐसे भी हैं जिनकी सजा की अवधि पूरी हो चुकी है मगर जुर्माना भरने में असमर्थ होने के कारण उन्हें रिहाई नहीं मिल पा रही। इस तरह कानून की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद भी कैद केवल इसलिए जारी रहती है क्योंकि वह व्यक्ति गरीब है। इसका सबसे सीधा असर जेलों पर पड़ता है। जेलें अपनी निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक भरी हुई हैं। विचाराधीन बंदियों की संख्या बहुत बड़ी है। जेलों में भीड़ के कारण कम जगह तथा सीमित संसाधनों का परिणाम खराब स्वास्थ्य सुविधाओं के रूप में निकलता है। जेलों में अपराधियों को रखने के पीछे सुधार का मूल उद्देश्य भटक चुका है। यह समस्या कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस के अवसर पर स्वयं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को कहना पड़ा कि देश की जेलों में हजारों ऐसे कैदी बंद हैं जिनके पास जमानत पर रिहाई का कोर्ट आदेश तो है लेकिन जमानत राशि के पैसे नहीं हैं। उन्होंने अदालतों और सरकार से इन कैदियों के लिए समाधान निकालने की अपील की थी। राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के दो दिन बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र और राज्यों से रिपोर्ट तलब कर ली। इसके बाद फरवरी 2023 में सर्वोच्च अदालत ने इस मुद्दे पर सात महत्वपूण्र दिशा निर्देश जारी किए। अदालत की मंशा साफ है कि जमानत आदेश की सार्थकता तभी है, जब वह वास्तव में किसी को जेल से बाहर ला सके। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश एक रिपोर्ट में सामने आया कि जनवरी 2023 तक 5,380 ऐसे कैदी थे, जिन्हें जमानत मिल चुकी थी लेकिन वे अब भी जेलों में बंद थे। सबके मामलों में कारण पैसे का अभाव का ही था। 2023 में ही सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल अदालतों को निर्देश दिए कि वे जमानत की शर्तें तय करते समय कैदियों की आर्थिक स्थिति पर भी विचार करें। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि अगर जमानत की शर्तें कैदी की हैसियत से परे हैं तो ऐसी जमानत का कोई अर्थ नहीं रह जाता। राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला भी इसी सोच की अगली कड़ी है। सुप्रीम कोर्ट की इसी संवैधानिक सोच का अनुसरण करते हुए राजस्थान हाई कोर्ट ने अब यह महत्वपूर्ण फैसला दिया है। इसमें हाईकोर्ट ने माना है कि पैरोल एक सुधारात्मक अधिकार है, यह अमीरों का विशेषाधिकार नहीं है। कोर्ट ने अधिकारियों की उस प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी जताई है जिसमें हर मामले मंत एक जैसी जमानत शर्तें थोप दी जाती हैं। यह भी नहीं देखा जाता है कि कैदी उन्हें पूरा करने की स्थिति में है या नहीं।

### 'जन नायकन'...
सुभाष शिरढोनकर

## पूजा हेगड़े के लिए उम्मी-दों से भरा रहेगा साल 2026



एक्ट्रिेस पूजा हेगड़े बॉलीवुड से ज्यारदा साउथ फिल्म इंडस्ट्री में मशहूर हैं। साउथ के कंपेरिजन में हिंदी सिने जगत में उनका करियर कुछ खास नहीं रहा।

पूजा हेगड़े ने साल 2016 में फिल्मस 'मोहनजोदड़ो' से हिंदी सिने जगत में यह सोचकर डेब्यू किया था कि वह साउथ की तरह हिंदी सिने जगत में भी धूम मचा देंगी लेकिन उनकी यह डेब्यू हिंदी फिल्मी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इस तरह साउथ की तरह वे यहां अपना दबदबा कायम करने से चूक गईं।

पूजा पिछले साल शाहिद कपूर के ऑपोजिट फिल्मच 'देवा' (2025) में नजर आई थीं लेकिन फिल्म फ्लॉप रही। रजनीकांत स्टारर पैन इंडिया फिल्मी 'कुली' (2025) में उन्होंहने एक डांस नंबर किया लेकिन इसमें भी उन्हें कुछ खास कामयाबी नहीं मिल सकी।

साल 2025 बेशक पूजा की ख्वाहिशों को पूरा न कर सका हो लेकिन इस नये साल 2026 में पूजा ने एक बार फिर अपने मन में नई ख्वाकहिशें पाल ली हैं। उन्हें लगता है कि उनके करियर के लिए जो काम बीता साल नहीं कर सका, वह काम यह नया साल 2026 अवश्य कर देगा।

थलापति विजय के साथ वाली पूजा हेगड़े की फिल्मय 'जन नायकन' 9 जनवरी को रिलीज हुई। यह फिल्मफ पूजा के लिए सबसे महत्वव-पूर्ण इसलिए है, क्योंिकि थलापति विजय एलान कर चुके हैं कि यह उनके करियर की आखिरी फिल्म9 होगी और इसके बाद वह अपना पूरा फोकस पॉलिटिक्सै पर करेंगे।

थलपति विजय की आखिरी फिल्मप होने की वजह से इसके प्रति काफी बज देखने को मिल रहा है। इस फिल्म को पैन इंडिया में रिलीज किया गया है और मेकर्स ने इसका हिंदी नाम 'जन नेता' रखा है। फिल्म में पूजा हेगड़े थलापति विजय के अपोजिट अहम रोल निभाया है। पूजा हेगड़े के अलावा फिल्म में बॉबी देओल एक बार फिर विलेन के किरदार में हैं लेकिन बॉक्सल ऑफिस पर फिल्म के प्रदर्शन के नतीजों के लिए कुछ दिन इंतजार करना होगा।

'जन नायकन' के बाद साल 2026 में पूजा हेगड़े की तीन और फिल्मोंी के रिलीज होने की उम्मीाद की जा रही है। इनमें से एक डेविड धवन के निर्देशन पर बनने वाली रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वह वरुण धवन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

पूजा और वरूण धवन के अलावा फिल्म में मृणाल ठाकुर भी नजर आने वाली हैं। फिल्मन में मनीष पॉल, मौनी रॉय, जिमी शेरगिल, चंकी पांडे, राकेश बेदी समेत कई स्टार्स नजर आएंगे।

फिल्मक 'है जवानी तो इश्क होना है', 5 जून को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस मच अवेटेड फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है लेकिन फिल्मक को लेकर दर्शकों के बीच अभी से काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# जरा हटके

### शहर का चेहरा तो ...
विवेक रंजन श्रीवास्तव

## नंबर वन का 'अमृत' और नरक का ड्रेनेज

इंदौर में इन दिनों गजब का द्वंद्व चल रहा है। एक तरफ आसमान से टपकती स्वच्छता की 'नंबर वन' की ट्राफियां हैं और दूसरी तरफ जमीन फाड़कर निकलता 'भागीरथपुरा' का सच। सूचना मिली है कि प्रशासन ने अपनी चिर-परिचित फुर्ती दिखाते हुए कुछ अधिकारियों का 'स्थानांतरण' कर दिया है। वाह! क्या गजब का इलाज है। जैसे किसी का अपेंडिक्स फट गया हो और डॉक्टर उसका बिस्तर बदल दे। साहब यहाँ से वहाँ हुए नहीं कि सिस्टम का पाप धुल गया. सुना है नए साहब के आते ही पुरानी पाइपलाइन ने शर्म के मारे जहर उगलना बंद कर दिया है। भागीरथपुरा, नाम कितना पवित्र है। महाराज भगीरथ ने गंगा लाने के लिए अंगूठे पर खड़े होकर तपस्या की थी ताकि पूर्वजों को तार सकें पर हमारे आधुनिक भगीरथों (इंजीनियरों) ने पाइपलाइन बिछाते समय ऐसी 'तपस्या' की कि अमृत योजना की नली को सीधे ड्रेनेज की नाली से 'कनेक्ट' कर दिया। अब पुरखे तरें न तरें, मोहल्ले वाले सीधे इस लोक को छोड़ मोक्ष की यात्रा पर निकल पड़े। यह सरकारी मोक्ष ही है, बस फर्क इतना है कि यह यमराज द्वारा नहीं बल्कि नगर निगम द्वारा 'स्पॉन्सर्ड' है।

इस पूरी त्रासदी के पीछे जो 'महान कलाकार' छिपा है, वह है, सरकारी ठेकेदार। यह वह प्रजाति है जो लोहे के पाइप को कागज की तरह मोड़ सकती है और कंक्रीट में इतनी रेत मिला सकती है कि रेगिस्तान को भी शर्म आ जाए। ठेकेदार साहब का गणित एकदम स्पष्ट है, ₹ऊपर की सड़क ऐसी बनाओ कि मुख्यमंत्री का काफिला निकले तो झटका न लगे और नीचे पाइप ऐसा डालो कि अगली बारिश तक गायब हो जाए।₹ टेंडर की मलाई और कमीशन के खेल में पाइपलाइन की मोटाई इतनी कम रह गई कि सीवेज के कीड़ों ने उसे 'डोरस्टेप डिलीवरी' का रास्ता समझ लिया। ठेकेदार के लिए 'अमृत' का मतलब वह 'प्रसाद' है जो उसे फाइल पास होने के बाद मिलता है, जनता का गला सूखे या सड़े, इससे उसके बैंक बैलेंस का 'फ्लो' नहीं रुकता।



शहर का चेहरा तो इतना चमकीला है कि आप अपनी शक्ल डिवाइडर पर देख लें। दीवारों पर नाचते मोर हैं, स्वच्छता के गान गाती गाड़ियाँ हैं और हर खंभे पर मुस्कराते नेताओं के पोस्टर हैं। पर इस चमक-धमक के नीचे शहर क्या 'पाल' रहा है, यह तब पता चलता है जब अस्पताल के बेड कम पड़ जाते हैं। यहाँ मोहल्ला राजनीति का भी अपना स्वैग है। ₹हमारे भाईसाहब₹ का वोट बैंक बना रहे, इसलिए पाइपला-इन चाहे गटर के भीतर से निकले या शौचालय के नीचे से, बस 'नल' चलना चाहिए। पार्षद जी को चिंता इस बात की नहीं थी कि पानी में बैक्टीरिया हैं, उन्हें चिंता इस बात की थी कि उद्घाटन के पत्थर पर उनका नाम बड़ा है या नहीं। चुनावी गणित में 'शुद्ध पेयजल' से ज्यादा जरूरी 'मुफ्त का टैंकर' होता है, ताकि संकट के समय मसीहा बना जा सके।

जब जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँचा, तो नेताओं ने अपना अचूक ब्रह्मास्त्र निकाला, 'स्थानांतरण'। कलेक्टर साहब हटा दिए गए, कमिश्नर साहब विदा कर दिए गए। जनता दुख भूल कर फटाफट खुश हो गई! उसे लगा कि 'न्याय' हो गया। अरे भाई, साहब तो बदल गए पर वह सड़ा हुआ सिस्टम और वह लीकेज वाली पाइपलाइन तो वहीं है जो पिछले दस सालों से ड्रेनेज को चूम रही है।

## धर्म की शरण

जीवन में एक व्यक्ति की पहचान उसकी बोली से हो जाती है । वह उसकी वाणी ही उसके व्यवहार और उसकी शिक्षा के बारे में बता देती है । यह कितनी रहस्य की बात हैं कि आदमी मन, वचन, काया की अशुभ प्रवृत्ति न करें । भाव- शुद्धि में रहें तो उसका स्वास्थ्य अच्छा रहता हैं । वह जीवन आनन्द से सारोबार होता हैं । इस बात को आजकल वैज्ञानिकों ने भी पकड़ा हैं । वह बहुत सारे वैज्ञानिक भी इस बात पर बल दे रहें हैं कि हमारा चिंतन सदैव विधायक होना चाहिए । वह पॉजिटिव होना चाहिए । हम सकारात्मक चिंतन में रहें । हम किसी का बुरा कभी भी नहीं सोंचे । वह कभी अनिष्ट बात न सोंचे । हम सुख - दुःख के इस रहस्य को सही से समझें । हर चुनौती हमें कुछ नया सिखाती ही है, मजबूत बनाती है। दुःख का रहस्य क्या हैं? हमारी जितनी मन, वचन, काया की अशुभ प्रवृत्ति होती हैं, इसका मतलब हैं कि हम दुःख के परमाणुओं को खींच रहें हैं । मन, वचन, काया की शुभ प्रवृत्ति होती हैं तो इसका मतलब हैं कि हम सुख के परमाणुओं को खींच रहें हैं । इसके आधार पर सुख- दुःख के रहस्यों को समझा जा सकता हैं । रहस्यों को समझना बहुत कठिन हैं । मैं यह मानता हूं कि चिंतन सदैव अच्छा नहीं रहता हैं वह बुरे विचार आ जाते हैं । मुझे आध्यात्मिक शिक्षक दिवंगत शासन श्री मुनि श्री पृथ्वीराज जी स्वामी ( श्री डुंगरगढ़ ), साध्वी श्री कृतार्थ प्रभा जी आदि - आदि बोले की प्रदीप कुछ विचार आ जायें तो उस समय वही यह सोच विचार को चिंतन से मोड़ देना कि यह विचार मेरे नहीं है । मैं शुद्ध ( आत्मा) हूं । हमारा निरंतर सकारात्मक चिंतन रहना बहुत कठिन हैं । कुछ लोग कहतें भी हैं कि हम निरंतर अच्छा सोचें, बुरा न सोंचें लेकिन कभी कभी अनायास ही विचार आ जाते हैं । इसका क्या करे? हर व्यक्ति का चिंतन इस विषय में भिन्न- भिन्न हो सकता है । हम इष्ट का स्मरण करतें रहें यही इसका उपाय हैं । जप करने का मतलब क्या हैं ? सामायिक और ध्यान करने का मतलब क्या हैं ? इसका मतलब हैं कि हम कम से कम दिन में एक या दो घंटा या ज्यादा ऐसी साधना करें जिससे पहले के जो भी अनिष्ट पुद्गल संचित हैं वे बाहर निकल जाएं उनकी निर्जरा हो जाए और नए सिरे से तो आए नहीं । अर्हत्, सिद्ध, आचार्यों आदि कि हमारे अमृतमयी वाणी हमेशा स्मृति में रहे कि सदा विधेयात्मक चिंतन रहें ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## काशी में पुलिस पहुंची तो पति भागा, पत्नी पकड़ाई, कमरे में न्यूड लड़के-लड़कियां मिले

# पति-पत्नी 5 मंजिला घर में चला रहे थे सेक्स रैकेट

**अफरा-तफरी**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी में पति-पत्नी स्पा सेंटर की आड़ में अपने 5 मंजिला घर में सेक्स रैकेट चला रहे थे। बुधवार रात पुलिस ने छापेमारी की तो अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। स्पा संचालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने दो कमरों के दरवाजे तोड़कर स्पा सेंटर की मालकिन समेत 2 महिलाओं और 2 पुरुषों को गिरफ्तार किया। पुलिस को




कुछ युवक-युवतियां नग्न मिले। दो युवक और एक युवती आपत्तिजनक हालत में पाए गए।

कमरों से आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया। स्पा सेंटर कैंट इलाके के मकबूल आलम रोड पर है। यहां से पुलिस अफसरों की कॉलोनी की दूरी सिर्फ 500 मीटर

**हैरानी की बात यह है कि लंबे समय तक किसी को इसकी भनक नहीं लगी। करीब 2 महीने पहले मोहल्ले के लोगों ने शक के आधार पर पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने रेकी शुरू की। पुख्ता इनपुट मिलने पर एसीपी कैंट नितिन तनेजा ने फोर्स के साथ छापेमारी की, तब इसका खुलासा हुआ।**

है। दो महीने पहले मोहल्ले वालों ने शिकायत की थी, इसके बाद से पुलिस छापेमारी कर रही थी। फिलहाल पुलिस



कमरे के अंदर शराब की बोतलें और आपत्तिजनक वस्तुएं मिलीं।

आरोपी महिला तरन्नुम और पकड़े गए युवक-युवती से पूछताछ कर रही है। उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। आजाद नगर कॉलोनी में सैयद समीर (32) परिवार के साथ रहते हैं। उनके तीन बच्चे हैं—17 और 10 साल की दो बेटियां और 8 साल का एक बेटा। वे अपने 5 मंजिला मकान में स्पा सेंटर चलाते थे। फिर धीरे-धीरे उन्होंने इसे देह व्यापार का अड्डा बना दिया।

मकान के एक हिस्से में किरायेदार भी रहते हैं। समीर की पत्नी तरन्नुम (30) भी इसमें शामिल हो गई। स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट में रोज बड़ी संख्या में लड़के-लड़कियां आने लगे। यह सेक्स रैकेट पिछले 2 साल से चल रहा था। समीर सिद्दीकी ने बाहर "एसके इंटरप्राइजेज" का बोर्ड लगा रखा था, ताकि किसी को इस धंधे का पता न चल पाए।

### एसीपी कैंट नितिन तनेजा ने क्या बताया

पुलिस टीम के छापा मारते ही समीर सिद्दीकी मौके से भाग गया, जबकि उसकी पत्नी तरन्नुम को गिरफ्तार कर लिया गया। एक कमरे में दो युवक और एक युवती आपत्तिजनक हालत में मिले। इसके बाद पुलिस ने अन्य कमरों की तलाशी ली। दो कमरों में ताले लगे थे। ताले तोड़ने पर अंदर शराब की बोतलें और आपत्तिजनक सामान मिला। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर पुलिस लगातार नजर रखे हुए है और किसी को भी कानून से ऊपर नहीं रहने दिया जाएगा।

## बुजुर्गों के लिए बनेगा वृद्ध आश्रम, भोजन से भरी होगी थाली

तमसा संकेत, संवाददाता

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जनपद से सामाजिक सरोकारों से जुड़ी एक सकारात्मक खबर आई है। गुरुवार को मकर संक्रांति पर्व पर जनपद के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी पंडित भोलानाथ शुक्ल की तरफ से वृद्ध आश्रम संचालित करने और बुजुर्गों को मुफ़्त लंगर की शुरुवात की गई। मकर संक्रांति के अवसर पर भोलानाथ शुक्ल ने अपने पैतृक गांव हरीपुर में बाबा के तालाब पर स्थित माँ विंध्यवासिनी शक्तिपीठ पर बुजुर्गों के लिए मुफ्त में भोजन की सुविधा की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि यह लंगर ठंड में सुबह 10:00 बजे से शुरू होकर ठंड में शाम 6:00 बजे शाम तक चलेगा। जबकि गर्मी के दिनों में यह सुबह 10:00 बजे से शुरू होकर रात 9:00 बजे तक जारी रहेगा। भोलानाथ शुक्ल की तरफ से की गई यह पहल पूरे जनपद के लिए सराहनीय और गौरव का विषय है।

उन्होंने कहा फिलहाल अभी वृद्धो के लिए रहने की नहीं सिर्फ भोजन की व्यवस्था है। वृद्ध आश्रम का शिन्यास



- **घर से उपेक्षित और तिरस्कृत बुजुर्गों के लिए अनूठी सामाजिक पहल**
- **समाजसेवी पंडित भोलानाथ शुक्ल ने मकर संक्रांति पर की मुफ्त लंगर की शुरुआत**

हम 26 जनवरी को करेंगे। लंगर में दोनों वक्त कोई भी वृद्ध और असहाय व्यक्ति जाकर भोजन कर सकता है। उन्होंने कहा हमने संकल्प लिया है कि हर महीने 5,00000 बुजुर्गों की सेवा पर खर्च करेंगे। उन्होंने बातचीत में बताया कि समाज में बुजुर्ग तिरस्कृत हो रहे हैं। जिसकी वजह से मेरे मन में ख्याल आया और मैं वृद्ध आश्रम खोलकर बुकुर्गो की सेवा करूँ क्योंकि नर सेवा नारायण सेवा है।

**फास्ट न्यूज**

### 18 करोड़ का आईटीसी घोटाला

आगरा । आगरा में बोगस फर्म बनाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। फर्म संचालक ने रजिस्ट्रेशन के बाद दो फर्मों से खरीद दिखाई। 99 करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन दिखाया। जांच में पता चला कि किसी सामान की खरीद-फरोख्त नहीं की गई। सिर्फ पेपर तैयार उनका अदान-प्रदान कर बोगस ITC का लाभ लिया। आरोप है कि फर्जी फर्म बनाकर 18 करोड़ रुपए के ITC की चोरी की गई।

### सपा विधायक बोले-हमने चूड़ियां नहीं पहन रखीं

कानपुर। कानपुर में BJP विधायक राहुल बच्चा सोनकर के मस्जिद को लेकर दिए गए बयान पर राजनीति गर्मा गई है। उनके बयान पर सपा ने आपत्ति जताई है। कैंट से सपा विधायक हसन रूमी ने भाजपा विधायक को चैलेंज किया है। कहा- भाजपा विधायक ऐसा करके तो दिखाएं। हम लोगों ने भी चूड़ियां नहीं पहनी हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक ने थाने के अंदर दिया गया बयान आपत्तिजनक है। ये हेट स्पीच की श्रेणी में आता है। पुलिस प्रशासन को उनके खिलाफ एक्शन लेना चाहिए।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बाराबंकी । जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि जनपद को "जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट" के रूप में विकसित किए जाने के उद्देश्य से सतत, समन्वित एवं प्रभावी प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

## बिजनौर नहीं मिला न्याय तो यौन शौषित महिला पहूंची मुख्यमंत्री जनता दरबार

**गुहार**

तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर/मंडावर। जिला बिजनौर से यौन शौषित महिला को न्याय नहीं मिलने के कारण चर्चित प्रकरण में यौन शौषित महिला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में पहूंच गयी और दोषियों के खिलाफ एफ आई आर कराने तथा न्याय की दिलाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। प्रार्थना पत्र में महिला ने आरोप लगाया है कि कस्बा मंडावर के वर्तमान चैयरमेन मौ आसिफ उर्फ शान ने अपनी पत्नी का करोना काल में स्वर्गवास हो जाने के बाद एका एक सपने दिखाकर शादी का झांसा देकर 2 वर्ष तक पीड़ित महिला का यौन शौषण किया है। बाद में उसकी शादी किसी अन्य व्यक्ति से करा दी उसने भी उसे स्वीकार नहीं किया। महिला का यह भी आरोप है कि मौं आसिफ उर्फ शान




- **चैयरमैन मौ आसिफ उर्फ शान से बताया जान का खतरा लगाई न्याय की गुहार**

चैयरमेन उसे जान से मरवाने का पूरा प्रयास कर रहा है, और अपने घर पर कुछ आदमियों को बुलाकर उनके फोन से फोन करवाकर तरह तरह की धमकियाँ महिला एवं उसके परिवार को दिलवा रहा है। जिस कारण महिला मुख्यमंत्री के दरबार पहुंच गयी और मुकदमा दर्ज करवाकर दोषियों को जेल भिजवाने और अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### मकर संक्रांति के अवसर पर पारंपरिक खिचड़ी भोज

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र कजियापुर के शाहपुर गांव में बुढ़वाबाबा नटवीर बाबा स्थान पर मकर संक्रांति के अवसर पर पारंपरिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। शाहपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह ने इस भोज का आयोजन कराया। पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर आयोजित इस खिचड़ी भोज में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा के स्थान पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद खिचड़ी प्रसाद का वितरण शुरू हुआ। आयोजन स्थल पर भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह ने बताया कि यह खिचड़ी भोज कई वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना है।

## बैरियर तोड़े-आवागमन फ्री किया ■ मैनजर समेत 3 अरेस्ट

# टोल प्लाजा पर वकील की पिटाई से भड़का साथियों का गुस्सा



तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे के बारा टोल प्लाजा पर गुरुवार को सैकड़ों अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया. यह विरोध बुधवार को हाईकोर्ट के अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला के साथ टोल कर्मियों द्वारा की गई मारपीट के जवाब में हुआ. वकीलों ने गुस्से में आकर टोल के सभी बूम बैरियर तोड़ दिए और वाहनों का आवागमन पूरी तरह निशुल्क कर दिया. मौके पर स्थिति संभालने के लिए एसडीएम और सीओ को मोर्चा संभालना पड़ा. पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए टोल मैनेजर जगभान सिंह और अन्य नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया



है. गुरुवार को बड़ी संख्या में वकील बारा टोल प्लाजा पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी. वकीलों का उग्र रूप देखकर वहां तैनात टोल कर्मी मौके से भाग निकले. प्रदर्शनकारियों ने टोल के बैरियर उखाड़ फेंके और हाईवे को टोल फ्री कर दिया. इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के कार्यकर्ताओं ने भी मौके पर पहुंचकर वकीलों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। घंटों तक चले इस हंगामे के कारण हाईवे पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

**घटना की शुरुआत बुधवार को हुई जब प्रयागराज हाईकोर्ट के अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला लखनऊ जा रहे थे बारा टोल प्लाजा पर फास्टैग बैलेंस खत्म होने को लेकर उनकी टोल कर्मियों से बहस हो गई. आरोप है कि विवाद बढ़ने पर टोल पर तैनात बाउंसरों और कर्मचारियों ने अधिवक्ता को बेरहमी से पीट दिया**

### पुलिस की कार्रवाई और एसपी का बयान

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ. एसडीएम और सीओ ने वकीलों को समझाने की कोशिश की. पुलिस ने चार नामजद और दस अज्ञात कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर टोल मैनेजर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. बाराबंकी के पुलिस कप्तान अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है. गिरफ्तारी के बाद वकीलों का गुस्सा शांत हुआ और आवागमन सामान्य हो सका।

## मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति मानवीय संवेदनाओं और सेवा भाव पर हावी होती दिख रही

# कुकुरमुत्ता की तरह फैला है प्राइवेट हॉस्पिटल्स का जाल

तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर । जनपद बिजनौर में हॉस्पिटल्स बिना मानक के चलाये जा रहे हैं । जिलेभर में अधिकतर संचालित अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। आपको बता दें बिजनौर में कुकुरमुत्ता की तरह प्राइवेट हॉस्पिटल्स का जाल फैला हुआ है। इन निजी नर्सिंग होमो में खुलेआम मनमानी की जा रही है। ना डिग्री ना अनुभव फिर भी प्राइवेट हॉस्पिटल चला रहे हैं। कौन दे रहा है,और किसकी शह पर जनपद में अवैध प्राइवेट हॉस्पिटल चल रहे है। जिले के हर क्षेत्र में जगह-जगह हॉस्पिटल खोलकर झोलाछाप डॉक्टरों को बैठा कर मरीज के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा हैं बिना डिग्री के प्राइवेट




हॉस्पिटल में डाक्टर कर रहे हैं मरीज का इलाज फिर भी बिजनौर का सी.एम.ओ कार्यालय नहीं जाग रहा है । जिले में आए दिन प्राइवेट अस्पताल में जच्चा और बच्चा की मौत के समाचार प्रमुखता से छाप रहे हैं । लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कुंभकरण नींद से जगाने को तैयार नहीं है। स्वास्थ्य विभाग दिखावे और फाइलों का पेट भरने के नाम पर छोटी मोटी कार्रवाई कर अपने कर्तव्य की इति श्री कर लेता है। अभी हाल ही में 2 माह के अंदर अंदर फर्जी डॉक्टरों द्वारा इलाज के चलते महिलाएं व नवजात शिशु मौत का शिकार हो चुके हैं ।

**निजी नर्सिंग होमो में हो रही है मनमानी आखिर कौन दे रहा है संरक्षण**

**ना डिग्री ना अनुभव फिर भी चला रहे हैं प्राइवेट हॉस्पिटल**

**आखिर किसके शह पर चल रहे है जनपद में अवैध प्राइवेट हॉस्पिटल**

### निजी अस्पताल अब मानवता की सेवा के बजाय उद्योग-धंधे में तब्दील

अस्पतालों में मरीज का इलाज ही नहीं, बल्कि चिकित्सकों और प्रबंधकीय कर्मियों का व्यवहार भी कई मायनों में महत्त्वपूर्ण होता है !किसी बीमारी से पीड़ित या हादसे में घायल व्यक्ति को इस उम्मीद के साथ अस्पताल लाया जाता है कि उसकी जान पर मंडरा रहा खतरा टल जाएगा। मगर इलाज के दौरान अगर किसी की मौत हो जाए, तो अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी मरीज के शव को ससम्मान परिजनों को सौंप देने की होती है! इसके बावजूद अगर कोई अस्पताल इलाज के खर्च का भारी-भरकम बिल बनाकर उसकी पूरी वसूली के लिए शव को अपने कब्जे में रखने का प्रयास करे, तो इसे संवेदनहीनता और अनैतिकता की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या कहा जाएगा! हाल ही में एक ऐसा ही मामला सामने आया। एक निजी अस्पताल ने महिला को उसकी मौत से पहले केवल दो घंटे भर्ती करने का न केवल अस्सी हजार रुपए का बिल बना दिया, बल्कि इसका पूरा भुगतान न होने पर परिजनों को शव सौंपने से भी इनकार कर दिया। बाद में पुलिस के दखल देने पर शव परिजनों के हवाले किया गया।

# हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

## विकास और स्थिरता के लिए समाज को संगठित रहना आवश्यक

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। फतेहपुर कोतवाली के निकट स्थित एक मैदान में अन्तरराष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सामाजिक, आर्थिक तथा राष्ट्रीय विषयों पर विचार साझा किए गए।

अपने संबोधन में डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने समाज की एकता और जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी देश की मजबूती उसके नागरिकों की जिम्मेदारी और आपसी सहयोग पर निर्भर करती है। उन्होंने इतिहास के उदाहरण देते हुए कहा कि जब समाज संगठित रहता है, तभी वह अपने अधिकारों और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा कर पाता है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास और स्थिरता के लिए समाज को



संगठित रहना आवश्यक है।

डॉ. तोगड़िया ने जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती जनसंख्या का सीधा असर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ता है। यदि जनसंख्या वृद्धि पर समय रहते संतुलन नहीं बनाया गया, तो भविष्य में समस्याएं और गंभीर हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून का उद्देश्य किसी वर्ग विशेष को निशाना बनाना नहीं, बल्कि संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना होना चाहिए। आर्थिक मुद्दों पर



बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश की प्रति व्यक्ति आय और किसानों की आय में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी आय बढ़ाने के लिए ठोस नीतियां बनाई जानी चाहिए। कृषि, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में संतुलित विकास से ही देश आत्मनिर्भर बन सकता है। सम्मेलन में सामाजिक सुधार, शिक्षा के प्रसार, युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और कानून के प्रति जागरूकता जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज में संवाद और सहयोग के माध्यम से ही समस्याओं का समाधान संभव है।

# मंडावली पुलिस ने किया देह व्यापार का भंडाफोड़, पांच लोग गिरफ्तार

## दो महिलाएं और तीन पुरुष शामिल, आपत्तिजनक सामग्री बरामद

तमसा संकेत, संवाददाता

नजीबाबाद। बिजनौर के मंडावली थाना क्षेत्र में पुलिस ने देह व्यापार के एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दो महिलाओं सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई आज क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद के निर्देश पर की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित कुमार (पुत्र नरपाल सिंह, निवासी कामगारपुर), सोनू (पुत्र मुन्ने, निवासी मौ. चमरिया बिलाल बाग, भागूवाला) और वसीम (पुत्र अमीर हसन, निवासी नारायणपुर) शामिल हैं। इन तीनों के साथ दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान उजागर नहीं की गई है। पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार



महिलाओं में से एक ने बताया कि मुख्य आरोपी महिला उसे अनैतिक कार्य के लिए उकसाती थी। वह उन्हें स्थान और आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराती थी, जिसके लिए पैसे भी दिए जाते थे। मुख्य आरोपी महिला ने स्वीकार किया कि वह धन कमाने के उद्देश्य से इस अनैतिक कार्य का संचालन करती थी और करवाती थी, जिससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच मोबाइल फोन, 3300 रुपये नकद और कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में सीओ नितेश प्रताप सिंह, मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक नितेश प्रताप सिंह, मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उप निरीक्षक संजय कुमार और राहुल कुमार, कांस्टेबल मोनू मलिक और पंकज कुमार, तथा महिला पुलिस आरक्षी पूजा और मानसी शामिल रही।

**अलर्ट :** शिमला-जम्मू से ज्यादा ठंड, पारा 3डिग्री सेल्सियस, अभी और बिगड़ेगा मौसम

# 4 हादसे-8 गाड़ियां टकराईं, एक की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में कड़ाके की ठंड जारी है। बर्फीली हवाओं की वजह से रात का तापमान शिमला (7C) और जम्मू (4.4C) से भी नीचे पहुंच गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे प्रदेश में तापमान 10C से नीचे रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान हरदोई सबसे ठंडा रहा, यहां पारा 3C रिकॉर्ड किया गया।

रायबरेली में पारा 3.4C, बरेली में 3.5C और कानपुर नगर में 3.8C और अलीगढ़ में 4C दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने 18 जनवरी से बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुरुवार सुबह आगरा, बरेली, गाजियाबाद, गोंडा, हाथरस, संभल समेत 30 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कई जगह विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम हो



हाथरस में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लोगों ने घर-दुकानों के बाहर अलाव जलाकर राहत पाने की कोशिश की।

गई। कोहरे के चलते 4 भीषण हादसों में एक की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग घायल हो गए। पहला हादसा मेरठ में हुआ। यहां देर रात दो कारें टकरा गईं। हादसे में कार ड्राइवर को चोटें आईं। दूसरा- संभल में गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाइक जा घुसी। बाइक सवार की मौत हो गई। तीसरा- कुशीनगर में 3 ट्रक आपस में भिड़ गए। चौथा- बिजनौर में बस सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इस दौरान 6 यात्री घायल हो गए।

### कुशीनगर में कोहरे में 3 ट्रक भिड़े, एक चालक बुरी तरह घायल

कुशीनगर के तमकुही राज में पटहेरवा थाना क्षेत्र के लबनिया गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-28 (NH-28) पर गुरुवार तड़के करीब 4 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण तीन ट्रक आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में एक ट्रक चालक व सहचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया था। सूचना मिलने पर पटहेरवा एसओ धीरेंद्र कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।



### बिजनौर में कोहरे की वजह से बेकाबू होकर गड्ढे में गिरी बस, छह यात्री घायल

बिजनौर के भूतपुरी-ठाकुरद्वारा मार्ग पर शेरगढ़ गांव के पास एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ, कोहरे के कारण जब बस बेकाबू होकर सड़क के दाईं ओर एक गहरे गड्ढे में जा गिरी। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बस में सवार छह यात्री इस हादसे में घायल हो गए।

### समर्थक चिल्लाए-शेर आया शेर, 20 किलोमीटर का जुलूस निकाला, चलती थार-स्कार्पियो से आतिशबाजी

# तलवार बांटने वाला रिहा

**रिहाई**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गाजियाबाद। हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी और उनके बेटे हर्ष चौधरी को तलवार बांटने से जुड़े केस में जेल से रिहा कर दिया गया। सैकड़ों समर्थक डासना जेल के बाहर इकट्ठा हुए। उसके बाद पिंकी चौधरी ने अपने कार्यालय तक जुलूस निकाला। चलती कारों की खिड़की से लड़के लटके दिखे। करीब 20 Km लंबा जुलूस निकाला गया। कारों से ही आतिशबाजी की गई। पिंकी ने चलती कार से VIDEO जारी किया राम..राम, जेल से आ गए हैं। फिर धर्म का काम करेंगे, मुझे मेरे साथी लेकर जा रहे हैं, आप भी देखिए। फिर वो कारों के काफिले को दिखाते हैं।

### बोले- फिर धर्म का काम करेंगे





जिस कार में वो जा रहे हैं, उसकी खिड़की पर एक लड़का बाहर निकला दिखता है, जो वीडियो बना रहा था। इस काफिले में स्कॉर्पियो, थार, फॉरच्यूनर जैसी गाड़ियां दिखती हैं। करीब 5-6 गाड़ियां दिखती हैं। इनकी खिड़कियों पर भी लड़के बैठे दिखते हैं। भावना के घर के पास अमित की दुकान है। पुलिस ने उनके भाई को भी गिरफ्तार किया है। अमित कैमरे पर नहीं आना चाहते थे। वे कहते हैं, 'यहां तलवारें दी जा रही थीं। आसपास के कुछ लोग वहां जाकर खड़े हो गए। मेरा भाई भी दुकान के बाहर खड़ा था। तभी उसके हाथ में आकर तलवार पकड़ा दी। उसने भी पकड़ ली। तभी किसी ने फोटो ले ली। उसे नहीं पता था कि तलवार पकड़ना इतना बड़ा जुर्म है।' अमित कहते हैं, 'हमारा इस सबसे कोई लेना-देना नहीं है। यहां सब ठीक है। हम अपना काम करने वाले लोग हैं। सच बताऊं तो हम उनकी (हिंदू रक्षा दल) चीजों पर ध्यान भी नहीं देते।'

**काफिले में शामिल समर्थक कहते हैं- देखो-देखो कौन आया, शेर आया-शेर आया। सड़क पर हूटर बजाती हुई कारों से समर्थक नारेबाजी करते रहते हैं। काफिला शालीमार गार्डन स्थित हिंदू रक्षा दल के कार्यालय पहुंचा। वहां पिंकी चौधरी ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।**

### लोग बोले- अनजाने में तलवार ले ली, पुलिस ने पकड़ लिया

गाजियाबाद के शालीमार गार्डन एरिया में ज्यादातर लोग को हिंदू रक्षा दल ने तलवारें बांटी थीं, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया था। पुलिस ने जिन 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें से दो परिवारों से हमने बात की थी। हालांकि वे अपनी पहचान उजागर नहीं करना चाहते थे, इसलिए सभी के नाम बदले गए हैं।

अरेस्ट लोगों में एक शख्स सोसाइटी में गार्ड थे। उनकी पत्नी भावना कहती हैं, ' मेरे पति किसी संगठन से नहीं जुड़े हैं। वे तो घर में सो रहे थे। संगठन के लोग आए और आवाज लगाई। पति गेट पर चले गए, उन लोगों ने अचानक हाथ में तलवार थमा दी और कहा कि ऐसा बोलो। मेरे पति ने बोल दिया। हमारा उनसे कोई नाता नहीं है। उसी दिन शाम को पुलिस आई और पति को ले गई। पुलिसवालों ने मुझसे कहा कि कोर्ट में जाकर बात करना।'

### गाजियाबाद में बांटी थी तलवारें

गाजियाबाद को 29 सितंबर को 21 सेकेंड का एक वीडियो सामने आया। गाजियाबाद का शालीमार गार्डन एरिया। इसमें दिख रहे लोगों के हाथ में तलवारें और फरसे थे। भारत माता की जय का नारा लगाते हुए सभी एक घर के सामने रुकते हैं। घर से बाहर निकले शख्स को तलवार थमाते हैं और कहते हैं, 'ये अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए, अगर बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा होती है, तो विधर्मियों से अपनी सुरक्षा के लिए।' शख्स तलवार लेता है, माथे से लगाता है। सभी नारा लगाते हैं- जय श्री राम। तलवार बांटने वाले हिंदू रक्षा दल के सदस्य थे। 6 जनवरी को पुलिस ने इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी को बेटे के साथ अरेस्ट कर लिया। 10 आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए थे। इनके अलावा एक कहानी उन लोगों की भी है, जिन्होंने तलवारें ले लीं थी। ये लोग भी हिरासत में हैं। इनमें एक सोसाइटी के गार्ड थे। उनकी पत्नी बताती हैं कि पति सो रहे थे। संगठन वाले आए, हाथ में तलवार दे दी। पुलिस उन्हें भी पकड़कर ले गई थी।



### पिंकी चौधरी की बेटी बोली- तलवार बांटना सही

तलवार बांटने के मामले में केस दर्ज होने के बाद हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी फरार थे। इसी दौरान 3 जनवरी को उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया। इसमें वो कह रहे हैं कि प्रशासन चाहे जो मुकदमे लगा दे, जब लौटकर आऊंगा तो मुंहतोड़ जवाब दूंगा। इससे पहले 31 दिसंबर को उन्होंने वीडियो जारी कर कहा था कि जो हम चाहते थे, वो करके दिखा दिया। आतंकवादियों को पता लग गया कि हिंदू अब हथियार उठाने को तैयार है। हम हटेंगे नहीं, चाहे कितने भी मुकदमे हो जाएं। 5 जनवरी को पिंकी चौधरी की बेटी करुणा चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस पूछताछ के लिए उसे थाने ले गई और घंटों तक पूछताछ की। करुणा ने तलवार बांटने को सही ठहराया और कहा कि बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए हर घर में एक पिंकी चौधरी होना चाहिए।

## वन विभाग और मरीचिका फिल्म प्रोडक्शन की अनोखी पहल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

चांदपुर । ज़िले में लंबे समय से चली आ रही मानव–गुलदार टकराव की गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में वन विभाग ने एक रचनात्मक और असरदार कदम उठाया है। वन विभाग और मरीचिका फिल्म प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक के ज़रिए गुलदार से बचाव, सतर्कता और सह-अस्तित्व का संदेश सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। यह अभियान न केवल जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि ग्रामीणों के मन में बैठे भय और भ्रम को भी दूर करने में सफल रहा। वन विभाग के डीएफओ जय सिंह कुशवाह और एसडीओ ज्ञान सिंह के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में नुक्कड़ नाटक के ज़रिये गुलदार के स्वभाव, उसके आवास, मानव व्यवहार की भूमिका और सुरक्षित उपायों को सरल भाषा में समझाया गया। एसडीओ ज्ञान सिंह ने स्पष्ट कहा



**नुक्कड़ नाटक से गुलदार - मानव संघर्ष पर सीधा वार गांव-गांव पहुंचा जागरूकता संदेश**

कि "गुलदार समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव है, जब प्रशासन और समाज मिलकर सतर्कता और जागरूकता के साथ आगे बढ़ें।" यह जन जागरूकता कार्यक्रम चांदपुर रेंज के अतिप्रभावित गांवों ग्राम लाडूपुरा, ग्राम नाईपुरा में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ और उत्साह देखने को मिला। लोगों ने सवाल पूछे और वन विभाग के अधिकारियों से सीधे संवाद किया।

### इस मौके पर बच्चों को बाटें कॉपी पेन, जरूरतमंदों को दिए कंबल

# गोरखपुर में सपा ने मनाया डिंपल यादव का जन्मदिन

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पर मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव रामनाथ यादव ने किया।

महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी ने कहा कि डिंपल यादव लगातार जनहित से जुड़े मुद्दों को संसद में मजबूती से उठा रही हैं। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों और महिलाओं के अधिकारों के लिए भी लगातार काम किया है। अन्य वक्ताओं ने भी उनके जनसेवा के कार्यों की सराहना की।



सपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन



**"इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सांसद डिंपल यादव के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, जिला महासचिव रामनाथ यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी, पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव, मिर्जा कदीर बेग, राजेश भारती, इनामुल्लाह खान, बृजनाथ मौर्य, महेंद्र तिवारी, मैना भाई, राघवेन्द्र तिवारी, राजू, इमरान खान, सच्चिदानंद यादव, भृगुनाथ निषाद, अनारकली मौर्य, दिग्विजय पटेल, एजाज अंसारी, आशुतोष गुप्ता, अनुप यादव, फिरदौस आलम, अनिल कुमार, बालेन्द्र यादव, भोलानाथ शुक्ला, सरिता सोनकर, अमरजीत यादव, गोली यादव, आफताब निजामी, राजाराम बेलदार, सोहराब खान, बीडी अंसारी, अश्वनी गौड़, मुन्ना मझवार, अछैवर कन्नौजिया, जयकिशन सहजादे, संतोष यादव, विनोद विश्वकर्मा, फहीम मोहम्मद अली, श्याम सुंदर, सर्वेश यादव, रामसरन यादव, धन्नजय यादव, गुड्डू शाह, राधिका यादव, संजय गुप्ता, अजय साहनी, प्रविंद्र, रमेश यादव, हरिहर, रामभवन, प्रमोद, अजय, अमर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सभी स्टेकहोल्डर्स विभागों के मध्य सहभागिता की समीक्षा बैठक

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। गृह विभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में ब्लैक आउट किए जाने के निर्देश सभी जनपदों को दिए गए हैं जिसके तहत जिला बाराबंकी में आज दिनांक 14 जनवरी 26 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी स्टेकहोल्डर्स विभागों की सहभागिता के लिए समीक्षा बैठक की गई। उपरांत जिसमें जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बाराबंकी को विभाग के विषय में बताने हेतु निर्देशित किया। उप नियंत्रक अनीता प्रताप ने विभाग की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बाराबंकी सहित उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में नागरिक सुरक्षा विभाग स्थापित किया जा चुका है। उन्होंने आवाहन किया की आम जनमानस को नागरिक सुरक्षा से जुड़ने की वर्तमान परिपेक्ष में अति आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने भी नागरिक



सुरक्षा के प्रसार प्रचार हेतु आवश्यक निर्देश दिए । बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियो कोरआवश्यक निर्देश दिए गए तथा ब्लैकआउट की मॉक ड्रिल की जानकारी से आम जनता को भी जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व, निरंकार सिंह, ए एसपी, उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फायर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी , रेड क्रॉस समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, सदस्य रत्नेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ताजमहल में शाहजहां-मुमताज की असली कब्र खुली

आगरा । ताजमहल में गुरुवार को ASI के अफसर तहखाने में 30 फीट नीचे उतरे। शाहजहां-मुमताज की असली कब्र खोली गई। इसके बाद गुसल की रस्म (कब्रों पर चंदन का लेप) के साथ उर्स की शुरुआत हुई है।

मुगल बादशाह शाहजहां का 371वां उर्स आज से शुरू हो गया है। ASI और उर्स कमेटी ने फूलों की चादर चढ़ाई। उर्स 3 दिन तक चलेगा। इस दौरान टूरिस्ट्स के लिए एंट्री फ्री रहेगी।

उर्स के दौरान ताजमहल में कव्वाली गूंजेगी। कब्रों पर देश में खुशहाली के लिए दुआ मांगी जाएगी। आखिरी दिन यानी 17 जनवरी को चादरपोशी होगी। जिसमें एक सतरंगी चादर 1720 मीटर लंबी चढ़ाई जाएगी।

अखिल भारत हिंदू महासभा ने उर्स का विरोध किया। महासभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के कार्यालय पहुंचे, पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की।

### पायलट ने बोरी देख पुलिस बुलाई, पिता बोले- गर्लफ्रेंड के घरवालों ने मर्डर किया

# सहारनपुर में दलित छात्र की हत्या, लाश ट्रैक पर फेंकी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सहारनपुर । सहारनपुर में 14 साल के दलित लड़के की हत्या कर दी गई। हत्यारों ने हत्या को सुसाइड दिखाने के लिए लाश को बोरे में भरकर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। लोको पायलट ने ट्रैक पर बोरी देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बोरी खुलवाई, जिसमें लाश पड़ी थी। लाश मिलने की सूचना पर परिजन पहुंचे और मयंक के रूप में शव की पहचान की। पिता का आरोप है कि बेटे का एक लड़की के साथ अफेयर चल रहा था। लड़की ने ही उसे धोखे से मिलने बुलाया, इसके बाद उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई, फिर शव को फेंक दिया। पिता ने चार लोगों के





**एसपी देहात सागर जैन का कहना है कि देर रात किशोर का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। तहरीर आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। 2 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है।**

खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। घटना बुधवार रात की है।

देवबंद कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी रूपचंद किसान हैं। उन्होंने बताया- मेरा बेटा मयंक देवबंद के एक इंटर कॉलेज में नौवीं में पढ़ता था। उसका अपनी ही जाति की एक युवती से प्रेम प्रसंग था। बुधवार देर रात 12:45 बजे बेटे को लड़की के घर से फोन आया। फोन करने वाले शख्स ने उसे तुरंत मिलने के लिए बुलाया। घरवालों को लगा कि किसी परिचित का फोन है, इसलिए उन्होंने बेटे से ज्यादा पूछताछ नहीं की। फोन पर बातचीत के बाद मयंक घर से निकल गया। काफी देर तक बेटा लौटकर नहीं आया, तो परिजनों को शक हुआ। वे उसकी तलाश करने लगे। पुलिस को भी सूचना दी गई। थोड़ी देर बाद पुलिस का फोन आया कि रेलवे ट्रैक पर एक बच्चे की लाश मिली है, पहचान के लिए आ जाएं।



### पुलिस ने बोरा खोला तो शव मिला

पुलिस के अनुसार, रात में रेलवे ट्रैक से गुजर रही एक ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रैक के पास संदिग्ध बोरा पड़ा देखा। शक होने पर उसने तुरंत रेलवे अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जब बोरे को खोला गया, तो अंदर खून से सनी डेडबॉडी मिली। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## झालू में 16 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन

### हिंदुओं की बड़ी तादाद में भाग लेने की जताई जा रही संभावना

**तमसा संकेत, संवाददाता**

झालू। नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन कल, शुक्रवार, 16 जनवरी को होने जा रहा है। इसमें क्षेत्र के दर्जनों हिंदू संगठनों के लोग लगे हुए हैं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगो के हिस्सा लेने की संभावना जताई रही है। नगर में सकल हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन की तैयारी की जा रही है। आयोजक कमेटी का कहना है कि हिंदू धर्म हिंदू सहयोग एवं स्वाभिमान के संरक्षण हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। क्षेत्र में सभी को निमंत्रण बांटे जा रहे हैं, जिसमें 16 जनवरी 2026, दिन शुक्रवार को समय दोपहर 11:00 बजे, झालू के हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज में कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। कार्यक्रम का आयोजन हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति झालू व अगरी

**झालू के दयानन्द इंटर कॉलेज में अपराह्न 11:00 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम**

मंडल, जिला बिजनौर द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष पंडित पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज एवं अखिल भारतीय सहसंयोजक धर्म जागरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अरुण कांत मुख्य वक्ता रहेंगे।

इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हरीश रौतेला क्षेत्र सह संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहेंगे। नारा दिया गया है संगठित रहो, समरस भारत ,समर्थ भारत , सकल हिन्दू समाजरु द्वारा हिन्दू सम्मेलन आमंत्रण,हिन्दू धर्म हिन्दू सहयोग एवं स्वाभिमान के संरक्षण हेतु आयोजित कार्यक्रम में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### मुंबई बीएमसी में...

स्टेट इलेक्शमन कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने कहा कि सभी नगर निगम में शाम 5:30 वोटिंग खत्म हुई। करीब 50% मतदान का अनुमान है हालांकि अंतिम आंकड़े बाद में जारी होंगे।

नगर निगम चुनाव हर पांच साल में होते हैं। बीएमसी का पिछला चुनाव 2017 में हुआ था। ऐसे में अगला चुनाव 2022 में होना था। उस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया और वार्ड सीमाओं में बदलाव चल रहे थे।

नए वार्ड नक्शे और सीटों का पुनर्विन्यास किया जा रहा था। बीएमसी में वार्डों की संख्या बढ़ाकर 227 से 236 करने का प्रस्ताव था। इस बदलाव के चलते पुरानी सीटों पर चुनाव करना संभव नहीं था, इसलिए चुनाव टाल दिए गए। हालांकि ये प्रस्ताव पास नहीं हुआ।

शिवसेना UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा- हमारे पूरे परिवार ने एक साथ वोट डाला, और हम उन सभी सीटों के सभी वोटरों से अपील करते हैं जहां चुनाव हो रहे हैं कि वे अपना वोट डालें।

उन्होंने कहा- यह पता चलना चाहिए कि इलेक्शन कमिश्नर को कैसे पेमेंट किया जाता है। मुंबई नगर निगम चुनाव 9 साल के गैप के बाद हो रहे हैं। इन सालों में इलेक्शन कमिश्नर और उनके स्टाफ क्या कर रहे थे? उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### तैयारी : ईरान से ...

ईरान में करीब 10000 भारतीय रहते हैं। इसमें से 2500-3000 स्टूडेंट हैं, जो मेडिकल की पढ़ाई के लिए वहां गए थे।

एडवाइजरी में कहा गया है कि ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों अपने पासपोर्ट,वीजा और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स हमेशा अपने पास तैयार रखें। इस संबंध में किसी भी मदद के लिए वे भारतीय दूतावास से संपर्क करें।

बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची का फोन आया। उन्होंने ईरान के हालातों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय (MEA) ने भारतीय नागरिकों को ईरान ना जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ईरान में लगभग 10,000 भारतीय नागरिक मौजूद हैं।

भारत सरकार की यह एडवाइजरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रम्प की उस धमकी के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि अगर ईरान देशभर में हो रहे प्रदर्शनों का हिंसा से जवाब देना जारी रखता है, तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है।

### शहीद जवान की ...

आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पूरी तरह से सोच-समझ कर और मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखकर की गई। इसी कारण से ऑपरेशन सिंदूर भारत के इतिहास में सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई के रूप में नहीं, बल्कि साहस और संतुलन के रूप में याद रखा जाएगा।

इससे पहले सुबह जयपुर की सड़कों पर ब्रह्मोस मिसाइल, भीष्म, अर्जुन टैंक, पिनाका लॉन्चर, रोबोटिक डॉग्स का प्रदर्शन किया गया। आसमान में अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे ने दुश्मनों के होश उड़ाने वाले करतब दिखाए। नाल (बीकानेर) एयरबेस से उड़ान भरकर आए जगुआर फाइटर जेट की खूबियों से भी आमलोग रू-ब-रू हुए।

आर्मी एरिया से बाहर पहली बार आर्मी-डे परेड गुरुवार को जयपुर में हुई। जगतपुरा के महल रोड पर हजारों लोग इस कार्यक्रम के साक्षी बने। उधर, ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए 1 पैरा स्पेशल फोर्स के जवान लान्स नायक प्रदीप कुमार की मां सेना मेडल लेते हुए मंच पर बेहोश हो गईं। इन्हें सैन्य अधिकारियों ने संभाला। उन्हें तुरंत मंच से उतारकर एम्बुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया। परेड की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित करने के साथ हुई थी। इसके बाद गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित आर्मी ऑफिसर्स ने परेड कमांडर को सलामी दी। अशोक चक्र, परमवीर चक्र और महावीर चक्र से सम्मानित आर्मी ऑफिसर्स परेड को लीड कर रहे थे।

### मकर संक्रांति ...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मकर संक्रांति के अवसर पर अपने आवास पर गायों को चारा खिलाया।

उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल का तिल के तेल से अभिषेक हुआ। भस्म आरती में भी तिल चढ़ाया गया और तिल के लड्डुओं का भोग लगा।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यानाथ ने मकर संक्रांति पर गुरुवार तड़के गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाई। गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी ने सुबह 3:40 बजे मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया। नाथ परंपरा के अनुसार, उन्होंने गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की। इसके बाद गले में लटकी सीटी बजाई और दंडवत होकर प्रणाम किया।

### सुप्रीम कोर्ट की ...

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इस मामले में कुछ बड़े सवाल हैं, जिनका जवाब नहीं मिला तो अराजकता फैल सकती है। अगर केंद्रीय एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की जांच के लिए ईमानदारी से अपना काम कर रही हैं, तो क्या उन्हें राजनीति करके रोका जा सकता है?

ED ने 8 जनवरी को तृणमूल कांग्रेस (TMC) के IT हेड और पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म (I-PAC) डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और कंपनी से जुड़े ठिकानों पर छापा मारा था। जांच एजेंसी का आरोप है कि इस दौरान CM ममता वहां बंगाल पुलिस के अफसरों के साथ पहुंचीं और अपने साथ सबूत लेकर चली गईं। 8 जनवरी को ED की टीम ने प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दूसरी टीम सॉल्टलेक स्थित दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं।

### 2,742 करोड़ के ...

यह मामला अब 5वें साल में है, लेकिन कार्रवाई ठीक उस वक्त सामने आई, जब बंगाल में मार्च-अप्रैल 2026 में चुनाव होने हैं। I-PAC भारत की पॉलिटिकल कंसल्टेंसी कंपनी है, जो राजनीतिक दलों के लिए बड़े स्तर पर चुनावी अभियानों का काम करती है।

आरोप है कि 20 करोड़ हवाला के जरिए I-PAC तक ट्रांसफर हुए। ED ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया कि राज्य सरकार ने जांच में बाधा डाली और सबूत नष्ट किए।

### ब्राह्मणों को चोखा...

हमारी सरकार बनने पर ब्राह्मणों की चाहत पूरी की जाएगी। ब्राह्मण समाज को भी कांग्रेस, बीजेपी या सपा के बहकावे में नहीं आना चाहिए।

उन्होंने बसपा की चुनावी रणनीति को लेकर भी बड़ा बयान दिया। कहा- बसपा पूरे देश में हर चुनाव अकेले ही लड़ेगी। यूपी में होने वाले चुनाव में बसपा अकेले ही उतरेगी। इसे लेकर किसी को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए।

बसपा सुप्रीमो ने कहा- पार्टी को कमजोर करने के लिए भाजपा-कांग्रेस-सपा साम, दाम, दंड भेद अपना रही है। हर हथकंडे अपनाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। इसका मुंहतोड़ जवाब देना समय से जरूरी है। इसलिए प्रदेश में पार्टी को सत्ता में लाना जरूरी है। इसलिए इस बार यूपी के चुनावों में हमें कोई कोर कसर नहीं छोड़नी है। जनता बसपा को सत्ता में लाना चाहती है।

### हैदराबाद में मंदिर में ...

पुलिस के मुताबिक, भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पास स्थित एक दरगाह को भी नुकसान पहुंचाया।

घटनाक्रम बढ़ने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया। इसके बाद इलाके में स्थिति नियंत्रित की गई। देर रात तक पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

इलाके में रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) सहित अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। गश्त बढ़ा दी गई है और संवेदनशील स्थानों पर पिकेट्स लगाए गए हैं। पुलिस ने कामतीपुरा थाना में दो केस दर्ज किए हैं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बने, प्रसिद्ध ने कैच छोड़ा

# विराट ने सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा

**शानदार**

राजकोट, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने भारत को दूसरे वनडे में 7 विकेट से हराकर 3 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबर कर ली। राजकोट में बुधवार को भारत ने 284 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल के शतक की मदद से टारगेट हासिल कर लिया।

विराट कोहली ने 23 रन ही बनाए, लेकिन वे न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले भारतीय बन गए। रोहित शर्मा ने एशिया में 7 हजार वनडे रन पूरे कर लिए। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने डेरिल मिचेल का आसान कैच छोड़ दिया। विराट कोहली ने 23 रन की पारी में पहला रन बनाते ही सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### एशिया में रोहित शर्मा का वनडे प्रदर्शन




### प्रसिद्ध ने डेरिल मिचेल का कैच छोड़ा

प्रसिद्ध कृष्णा ने 36वें ओवर में डेरिल मिचेल को जीवनदान दे दिया। ओवर की चौथी बॉल कुलदीप यादव ने फुलर लेंथ गुगली फेंकी। मिचेल ने स्लॉग स्वीप खेला, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। प्रसिद्ध लॉन्ग ऑन से दौड़ते हुए आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। मिचेल इस वक्त 82 पर थे, उन्होंने शतक लगाकर टीम को जीत दिला दी।



### कोहली वर्ल्ड कप फाइनल की तरह आउट

विराट कोहली 29 गेंद पर 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस्टियन क्लार्क ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। कोहली थर्ड मैन की ओर सिंगल लेने गए, लेकिन बॉल उनके बैट के अंदरूनी किनारे से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। कोहली 2023 के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी इसी तरह आउट हुए थे। तब वे फिफ्टी लगाने के बाद पवेलियन लौटे थे और भारत मैच हार गया था।

> राहुल ने भारत में पहली बार न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे शतक लगाया। उन्होंने 6 साल पहले न्यूजीलैंड में भी होम टीम के खिलाफ वनडे शतक लगाया था। राहुल न्यूजीलैंड में और भारत में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे शतक लगाने वाले छठे ही भारतीय बने। उनसे पहले राहुल द्रविड़, तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, कोहली और श्रेयस अय्यर ही ऐसा कर सके।

### राहुल का बेस्ट वनडे स्कोर

केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 112 रन की नॉटआउट पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने वनडे क्रिकेट में अपने बेस्ट स्कोर की बराबरी भी कर ली। इससे पहले 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ही उन्होंने 112 रन बनाए थे।



# बांग्लादेशी क्रिकेटर्स का बीएसबी डायरेक्टर को मिला अल्टीमेटम

## दोपहर तक इस्तीफा दो, वरना सभी फॉर्मेट का बायकॉट करेंगे

ढाका, एजेंसी

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश (CWAB) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम को अल्टीमेटम दिया है। CWAB ने साफ कहा है कि अगर गुरुवार दोपहर 1 बजे तक नजमुल इस्लाम अपने पद से इस्तीफा नहीं देते, तो खिलाड़ी क्रिकेट के सभी फॉर्मेट का बहिष्कार करेंगे। यह अल्टीमेटम बांग्लादेश प्रीमियर लीग के मैच से पहले का है, जो स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 1 बजे शुरू होना है। इससे पहले CWAB और BCB अधिकारियों के बीच बातचीत हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद CWAB ने दोपहर 1 बजे एक शहर के होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर



अपना रुख स्पष्ट कर दिया। खिलाड़ियों ने अपने फैसले पर कायम रहते हुए मैदान पर न आने का निर्णय लिया। इसके चलते गुरुवार को BPL का ओपनिंग मैच अपने निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सका। यह मुकाबला नोखाली एक्सप्रेस और चट्टोग्राम रॉयल्स के बीच खेला जाना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम ने पूर्व क्रिकेटर तमीम इकबाल को भारत का एजेंट कहा था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम के विवादित कमेंट पर अफसोस जताया है। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि ये कमेंट बोर्ड के ऑफिशियल रुख को नहीं दिखाते हैं। बोर्ड ने खिलाड़ियों का अपमान करने या बांग्लादेश क्रिकेट की साख को नुकसान पहुंचाने वाले व्यवहार के लिए डिसिप्लेनरी एक्शन की चेतावनी दी है। जब इकबाल ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) टीम से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज किए जाने के कारण दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंधों में मौजूदा तनाव को सुलझाने के लिए बातचीत का आह्वान किया था, तब नजमुल ने भारतीय एजेंट कहकर उनका मजाक उड़ाया था।

## खिलाड़ी के फैन ने एक्ट्रेस पर 100 करोड़ का मानहानि दावा किया


# ‘सूर्यकुमार मैसेज करते थे’ बयान पर खुशी के खिलाफ शिकायत

नई दिल्ली। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को लेकर दिए गए एक बयान के बाद एक्ट्रेस और मॉडल खुशी मुखर्जी विवाद में आ गई हैं। सूर्यकुमार के समर्थक फैजान अंसारी ने खुशी मुखर्जी के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का दावा किया है। इसकी शिकायत गाजीपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। हालांकि FIR दर्ज हुई है या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। फैजान अंसारी का आरोप है कि खुशी मुखर्जी ने सूर्यकुमार यादव को लेकर जानबूझकर ऐसे बयान दिए, जिससे एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। उनका कहना है कि ये बयान बिना किसी सबूत के और गलत नीयत से दिए गए हैं। टी-20



वर्ल्ड कप 2026 को ध्यान में रखते हुए टीम इंडिया के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव अपनी तैयारी में जुटे हैं। हालांकि हाल के मैचों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। वर्ल्ड कप से पहले भारत को 21 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है, जिसे तैयारी के लिहाज से अहम माना जा रहा है। 24 नवंबर 1996 को कोलकाता में जन्मीं खुशी मुखर्जी ने 2013 में तमिल फिल्म अंजल थुराई से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। उन्होंने तमिल और तेलुगु फिल्मों के साथ-साथ हिंदी फिल्म श्रृंगार में भी काम किया।

उन्हें पहचान एमटीवी के रियलिटी शो स्प्लिट्सविला 10 और लव स्कूल 3 से मिली। टीवी पर वे बालवीर रिटर्न्स में ज्वाला परी और कहत हनुमान जय श्री राम जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज में उनके काम को लेकर भी वे चर्चा में रही हैं। खुशी मुखर्जी का होटल विवाद साल 2015 में भोपाल के एक होटल से जुड़ा है।



> मैं किसी भी क्रिकेटर को डेट नहीं करना चाहती। मेरे पीछे कई क्रिकेटर हैं। सूर्यकुमार यादव मुझे पहले काफी मैसेज करते थे, लेकिन अब हम ज्यादा बात नहीं करते। किसी तरह का जुड़ाव नहीं चाहती, मेरे नाम से जुड़े किसी तरह के लिंक-अप मुझे पसंद नहीं हैं।
>
> - खुशी मुखर्जी
> एक्ट्रेस और मॉडल

### खुशी ने कहा था- सूर्या मुझे मैसेज करते थे

खुशी मुखर्जी ने कुछ दिन पहले दावा किया था कि भारतीय क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव उन्हें पहले अक्सर मैसेज किया करते थे। हालांकि उन्होंने साफतौर पर कहा कि उनके और सूर्यकुमार के बीच कभी कोई रोमांटिक रिश्ता नहीं रहा। विवाद बढ़ने के बाद दिए इंटरव्यू में खुशी मुखर्जी ने अपने बयान को लेकर सफाई दी। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार यादव के साथ उनका कभी कोई रोमांटिक रिलेशनशिप नहीं रहा और उनकी बातों को गलत संदर्भ में पेश किया गया। एक्ट्रेस का कहना था कि बयान को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया, जिससे गलतफहमी पैदा हुई। खुशी ने यह भी दावा किया कि उस दौरान उनका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया था। उन्होंने बताया कि पहले उनकी सूर्यकुमार यादव से बातचीत सिर्फ दोस्ती तक सीमित थी, लेकिन अब दोनों के बीच कोई संपर्क नहीं है। विवाद के बाद भी उनकी सूर्यकुमार से कोई बातचीत नहीं हुई है।

**मनोरंजन**

## तेरे इश्क में के जरिए बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाले साउथ फिल्म अभिनेता धनुष की नई मूवी का एलान किया

# तेरे इश्क में के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर राज करेंगे धनुष

नई दिल्ली। निर्देशक आनंद एल राय के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म तेरे इश्क में के जरिए अभिनेता धनुष ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बीते साल आई ये रोमांटिक ड्रामा बॉक्स ऑफिस पर कमर्शियल तौर पर सफल रही थी। तेरे इश्क में के बाद से फैंस धनुष की अपकमिंग फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और अब उनका इंतजार खत्म हो गया है। क्योंकि पोंगल के खास अवसर पर धनुष की आने वाली एक नई फिल्म का आधिकारिक एलान कर दिया गया। फिल्म का टाइटल और फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आया है। अब पोंगल के खास मौके पर धनुष ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर नई फिल्म करा का आधिकारिक एलान किया है। करा का फर्स्ट लुक पोस्टर भी इस ट्वीट में शामिल हैं, जिसमें साउथ फिल्म अभिनेता इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। मूवी की अनाउंसमेंट के साथ उन्होंने फैंस को पोंगल के खास पर्व की शुभकामनाएं भी दी हैं। करा की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर इस मूवी की चर्चा तेज हो गई है और फैंस धनुष को इस अपकमिंग फिल्म के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। फिल्म का डायरेक्शन दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर विग्नेस राजा कर रहे हैं और करा को इसी साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।



> यहां एक तरफ प्रभास और जूनियर एनटीआर जैसे बड़े-बड़े साउथ कलाकार बॉक्स ऑफिस पर हिट मूवी देने के लिए फिलहाल तरस रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ धनुष धीरे-धीरे सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं और शानदार मूवीज के तौर पर सफलता का स्वाद चख रहे हैं, उदाहरण के लिए आप कुबेरा, इडली कढ़ाई और तेरे इश्क में का नाम ले सकते हैं, जो 2025 में उनकी कर्शियल तौर पर सक्सेसफुल रहने वाली मूवीज रहीं।



### करा से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगे धनुष

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार धनुष की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। 65-70 करोड़ के बजट में बनने वाली तेरे इश्क में ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 112 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था, जबकि वर्ल्डवाइड इस मूवी का कलेक्शन 150 करोड़ के करीब रहा था।

# बॉर्डर 2 टीम ने नौसेना को दिया ट्रिब्यूट

## करवार नेवल बेस पर हुआ खास कार्यक्रम

मुंबई, एजेंसी

फिल्म बॉर्डर 2 की टीम ने बुधवार को भारतीय नौसेना के अधिकारियों और नाविकों को कर्नाटक के करवार नेवल बेस पर INS विक्रांत के सामने खास अंदाज में ट्रिब्यूट दिया। इस दौरान सिनेमा, संगीत और देशभक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। फिल्म की टीम ने नौसेना के जवानों के साथ समय बिताया और उनके योगदान को सलाम किया। कार्यक्रम में सनी देओल, अहान शेट्टी, वरुण धवन, सोनम बाजवा, विशाल मिश्रा, सोनू निगम, अनु मलिक और मनोज मुंतशिर समेत फिल्म बॉर्डर 2 की टीम के कई सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान फिल्म से जुड़ा एक स्पेशल लाइव म्यूजिकल



परफॉर्मेंस पेश किया गया, जिसे खास तौर पर भारतीय नौसेना के अधिकारियों और नाविकों के लिए तैयार किया गया था। इस प्रस्तुति ने वहां मौजूद सभी लोगों को भावुक कर दिया और माहौल गर्व व सम्मान से भर गया। कार्यक्रम के दौरान फिल्म से जुड़ा एक स्पेशल लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस पेश किया गया, जिसे खास तौर पर भारतीय नौसेना के अधिकारियों और नाविकों के लिए तैयार किया गया था।

### बीएमसी चुनाव में खाली पोलिंग बूथ देख विशाल ददलानी नाराज

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के 29 महानगरपालिका और मुंबई बीएमसी के लिए आज वोटिंग जारी है। सिंगर और म्यूजिक कंपोजर विशाल ददलानी ने भी बीएमसी इलेक्शन में अपना वोट डाला। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात की और पोलिंग बूथ पर पब्लिक के न होने पर नाराजगी जाहिर की।

पोलिंग बूथ के बाहर एक पत्रकार ने विशाल से इस चुनाव को लेकर उनकी उम्मीदें पूछी। जवाब में विशाल कहते हैं- ₹पिछले कुछ दिनों में जिस कदर हमारे शहर के हालत हुए हैं, अरमान है कि वो बेहतर होंगे। पत्रकार ने जब पूछा कि युवा मतदाताओं से वो क्या कहना चाहेंगे? इस पर विशाल ने कहा- ₹मैंने कहना बंद कर दिया है, जिसको आना है आओ। आपका देश है, आपका शहर है, आपकी जिम्मेदारी है। संभाल सको तो संभालो...वरना घर पर बैठो, जो भी कर रहे हो करो।

फिर विशाल ने पोलिंग बूथ पर अपने पीछे की खाली सड़क की ओर इशारा करते हुए कहा- ₹ये जो मुझे दिख रहा है। यहां पर जनता का नाम-ओ-निशान नहीं है। अंदर अधिकारी ज्यादा हैं, पब्लिक कम है। इतनी शर्मनाक बात है।

# फिल्म 'हैप्पी पटेल' की स्क्रीनिंग

## गर्लफ्रेंड गौरी संग पहुंचे आमिर, इवेंट में तृप्ति डिमरी, राजू हिरानी और बाबिल खान जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए

मुंबई, एजेंसी

फिल्म हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस की बुधवार को मुंबई में एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। इस स्क्रीनिंग में कई बड़े सितारे शामिल हुए। फिल्म के प्रोड्यूसर आमिर खान भी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। स्क्रीनिंग में आमिर का परिवार भी मौजूद रहा।

इसके अलावा इवेंट में राजकुमार हिरानी, कुणाल खेमू, तृप्ति डिमरी, बाबिल खान और नितेश तिवारी जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए।

गौरतलब है कि कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर, आमिर खान की मिमिक्री को लेकर चर्चा में हैं। इवेंट के दौरान जब सुनील ग्रोवर पहुंचे, तो वहां मौजूद पैपराजी उन्हें आमिर सर कहकर पुकार रहे थे। इसी तरह जब आमिर खान कार्यक्रम में पहुंचे, तो पैपराजी उन्हें सुनील सर कह रहे थे। इस पर सुनील और आमिर दोनों मुस्कुराते हुए नजर आए।



> दरअसल, हाल ही में ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ में सुनील ग्रोवर का आमिर खान वाला अवतार काफी वायरल हुआ है। इसके बाद फिल्म ‘हैप्पी पटेल’ के लिए सुनील ग्रोवर ने आमिर खान के साथ मिलकर एक मजेदार वीडियो शूट किया। इसमें सुनील, आमिर के गेटअप में, उन्हीं के ऑफिस से असली आमिर को बाहर निकलवा देते हैं।



### वीर दास के निर्देशन की पहली फिल्म

फिल्म हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस वीर दास के निर्देशन की पहली फिल्म है। इसमें वह एक्टिंग भी कर रहे हैं और एक अलग व मजेदार जासूस के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में मोना सिंह, शारिब हाशमी, मिथिला पालकर और सृष्टि तावड़े जैसे कलाकार हैं।

इसके अलावा इमरान खान लंबे समय बाद फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उन्हें आखिरी बार 2015 की फिल्म कट्टी बट्टी में देखा गया था। यह फिल्म 16 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बांग्लादेश समेत 6 देशों को जेएफ-17 बेचने की बात चल रही, इसमें रूसी इंजन लगा

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारे फाइटर जेट्स डिमांड में : पाक

**दावा**

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का कहना है कि कई देश पाकिस्तानी फाइटर जेट्स खरीदने के लिए उससे बातचीत कर रहे हैं।

रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, उन्होंने बुधवार को दावा किया कि भारत के साथ पिछले साल मई में हुए संघर्ष (ऑपरेशन सिंदूर) के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की डिमांड बढ़ी है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किस तरह के विमान को लेकर बातचीत हो रही है।



लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बातचीत में JF-17 थंडर फाइटर जेट शामिल हैं। इन रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सूडान, लीबिया, सऊदी अरब, इराक, इंडोनेशिया और बांग्लादेश जैसे देशों ने इनमें दिलचस्पी दिखाई है। इससे पहले न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट में भी कहा गया था 5 देश JF-17 को खरीदने में दिलचस्पी दिखा चुके हैं। ग्लोबल डिफेंस कॉर्प की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान का JF-17 मेंटेनेंस और स्पेयर पार्ट्स के लिए चीन पर निर्भर है। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते इसमें लगने वाले रूसी इंजन की सप्लाई पर भी असर पड़ा है। ये स्टेल्थ फाइटर नहीं है। यानी दुश्मन देश के रडार सिस्टम को चकमा नहीं दे पाता और निशाना बन जाता है। इसके अलावा भी JF-17 फाइटर जेट में कुछ खामियां हैं-

कम पावर वाला इंजन - विमान में एक ही RD-93 इंजन होने की वजह से इसका थ्रस्ट कम है, जिससे भारी हथियार ले जाते समय स्पीड कम हो जाती है।

ज्यादा हथियार नहीं ले जा सकता - JF-17 लगभग 3.6 टन हथियार ही ले जा सकता है। यानी ज्यादा हथियार ले जाना हो, तो फ्यूल कम करना पड़ता है।

### जेएफ-17 फाइटर जेट का इंजन रूस में बना

पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, JF-17 थंडर एक मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर जून 2007 में तैयार किया था। इसका डिजाइन और टेक्नोलॉजी चीन की चेंगडू एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (CAC) ने तैयार किया है और पाकिस्तान एयरोनॉटिकल कॉम्प्लेक्स (PAC) ने इसकी फाइनल एसेंबलिंग की है। खास बात ये है कि इसका इंजन रूस में बना है। ऐसा इसलिए क्योंकि उस समय चीन और पाकिस्तान के पास आधुनिक फाइटर-जेट इंजन उपलब्ध नहीं था। JF-17 फाइटर जेट के निर्माण में लगभग 58% हिस्सा पाकिस्तान और 42% हिस्सा चीन का है। वहीं इसमें लगा क्लिमोव RD-93 इंजन और नए ब्लॉक 3 में लगा RD-93 MA इंजन रूस में बना है। रूस ये इंजन चीन के जरिए पाकिस्तान को मुहैया कराता है।

### इंडोनेशिया, बांग्लादेश और सऊदी अरब से डील कर रहा पाकिस्तान

रॉयटर्स के मुताबिक, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री ने 12 जनवरी को पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू से मुलाकात की और करीब 40 JF-17 खरीदने पर बात की।

वहीं बांग्लादेश के अखबार डेली स्टार के मुताबिक, पाकिस्तान, बांग्लादेश को भी JF-17 फाइटर जेट बेचेगा। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच बातचीत हो चुकी है।

इसी तरह रॉयटर्स की रिपोर्ट मे दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने 7 जनवरी को सऊदी अरब को JF-17 बेचने को लेकर बात की है। पाकिस्तान सऊदी अरब से मिले 2 अरब डॉलर के लोन के बदले यह सौदा कर रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि पाकिस्तानी सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। बांग्लादेश ने भी अभी तक पाकिस्तान के साथ किसी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किए हैं।

# 10 साल से अटका एनएसई आईपीओ जल्द आएगा

## मार्च अंत तक ड्राफ्ट पेपर संभव

**मुंबई, एजेंसी**

को-लोकेशन केस में NSE की सेटलमेंट अर्जी को सेबी ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद करीब एक दशक से अटके NSE के IPO की सबसे बड़ी कानूनी बाधा दूर हो गई है। सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने 15 जनवरी को इसकी जानकारी दी।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रेगुलेटरी क्लियरेंस मिलने के बाद अब NSE मार्च के अंत तक अपने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) यानी लिस्टिंग पेपर्स फाइल कर सकता है। इसके लिए एक्सचेंज ने इन्वेस्टमेंट बैंकर्स और लॉ फर्म्स के साथ बातचीत शुरू कर दी है। उम्मीद है कि इसी महीने के अंत तक सेबी की ओर से NOC जारी कर दी जाएगी, जिसके बाद सलाहकारों की औपचारिक नियुक्ति होगी। NSE देश का सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज है। NSE साल 2016 से ही शेयर बाजार में लिस्ट होने की कोशिश कर रहा है। लेकिन को-लोकेशन केस की जांच के कारण उसे मंजूरी नहीं मिल रही थी। पिछले साल NSE ने 1,387 करोड़ रुपए देकर इस मामले को निपटाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अब सेबी ने स्वीकार कर लिया है।

NSE पर आरोप था कि एक्सचेंज के कुछ चुनिंदा ब्रोकर्स को बाकी निवेशकों के मुकाबले मार्केट डेटा तक 'फास्ट एक्सेस' या कुछ सेकंड पहले जानकारी मिल रही थी।




**1,387 करोड़ के सेटलमेंट को सेबी की सैद्धांतिक मंजूरी**

**फास्ट न्यूज**

### रेलवन एप से जनरल टिकट पर 3% डिस्काउंट

नई दिल्ली । कल की बड़ी खबर भारतीय रेलवे और सोना-चांदी से जुड़ी रही। रेलवन (RailOne) एप के जरिए अब अनरिजर्व्ड (जनरल) टिकट बुक करके UPI, क्रेडिट, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग से पेमेंट करने पर आज से 3% डिस्काउंट मिलेगा। वहीं, सोने-चांदी के दाम बुधवार (14 जनवरी) को लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए।

### महाराष्ट्र निकाय चुनाव के चलते शेयर बाजार बंद

मुंबई। महाराष्ट्र में आज 15 जनवरी को नगर निगम चुनावों के चलते शेयर बाजार में कोई कामकाज नहीं हो रहा है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) ने इस दिन पूरी तरह ट्रेडिंग छुट्टी घोषित की है। हालांकि, इस फैसले पर देश के सबसे बड़े ब्रोकरेज फर्म जिरोधा के को-फाउंडर नितिन कामथ ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे खराब प्लानिंग बताया है।

शुरुआत में एक्सचेंजों ने इसे केवल 'सेटलमेंट हॉलिडे' घोषित किया था, यानी सिर्फ पैसों और शेयरों का लेन-देन बंद रहना था।

### पोस्ट-ऑफिस आरडी से तैयार होगा लाखों का फंड

नई दिल्ली । सरकार ने अक्टूबर-दिसंबर (Q4FY26) के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। यानी आपको पहले जितना ही ब्याज मिलता रहेगा। ऐसे में अगर आप रिकरिंग डिपॉजिट (RD) कराने का प्लान बना रहे हैं तो पोस्ट ऑफिस RD आपके लिए सही रह सकती है। इस पर 6.70% सालाना ब्याज मिल रहा है।

# क्विक कॉमर्स का बिजनेस मॉडल नहीं बदला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

करीब एक लाख करोड़ का क्विक कॉमर्स सेक्टर थोड़ा बदला है। केंद्र के कड़े रुख के चलते ब्लिंकिट, जेप्टो, स्विगी इंस्टामार्ट और फ्लिपकार्ट मिनट्स जैसे प्लेटफॉर्म्स ने ब्रांडिंग से '10-मिनट डिलीवरी' का दावा हटा दिया है। हालांकि इनके बिजनेस के तरीके नहीं बदले हैं। अब कंपनियां एप पर टाइमर के बजाय दूरी (जैसे: स्टोर 500 मीटर दूर है) दिखाने पर जोर दे रही हैं। बीएसई को दी गई जानकारी में ब्लिंकिट की पैरेंट कंपनी इटर्नल ने कहा है कि ब्रांडिंग बदलने से मुनाफा प्रभावित नहीं होगा। एक्सपर्ट्स का भी मानना है कि टैगलाइन से '10 मिनट' हटाना बिजनेस मॉडल बदलने वाला फैसला नहीं है।

श्रम मंत्रालय के साथ हुई बैठक और राइडर सुरक्षा की चिंताओं के बाद, ब्लिंकिट ने अपनी ब्रांडिंग से '10-मिनट' के दावे को हटा दिया है। अब एप पर केवल 'मिनटों में डिलीवरी' जैसे शब्दों का उपयोग कर रहे हैं। यह दोहराया गया है कि डिलीवरी पार्टनर्स को किसी निश्चित समय सीमा में सामान पहुंचने के लिए मजबूर नहीं किया जा रहा। उनकी सुरक्षा व नियमों का पालन प्राथमिकता है। कंपनी ने अब एप पर उपभोक्ता के स्थान से सबसे नजदीकी 'डार्क स्टोर' (यहां ये सामान पैक करके पहुंचाया जाता है) की दूरी दिखाना शुरू किया है, ताकि दिखाया जा सके कि कम दूरी के कारण ही डिलीवरी जल्दी होती है।



**कंपनियों ने सिर्फ 10 मिनट डिलीवरी की ब्रांडिंग हटाई, बाकी सब पहले जैसा**

## कुछ न कुछ हल निकालेंगे, ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री बोली- अमेरिका का गुलाम नहीं बनना

# गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड की जरूरत : ट्रम्प

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है।

गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट इजराइल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है।

ट्रम्प का यह बयान व्हाइट हाउस में अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों के बीच हुई हाई कमेटी बैठक के बाद आया है। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ।

उन्होंने कहा, "अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अमेरिका के गुलाम होना चाहते हैं।" व्हाइट हाउस में बुधवार को हुई बातचीत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ट शामिल हुईं। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है।




**बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते।**



### ट्रम्प बोले- नाटो को हमारी मदद करनी चाहिए

उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे।

ट्रम्प का कहना है कि NATO को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से NATO और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा।

# ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी वॉरशिप

## एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन भी शामिल, वेनेजुएला में हमले से पहले ऐसे ही घेराबंदी की थी

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिकी नौसेना का USS अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो गया है।

USS अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है।


अमेरिकी न्यूज वेबसाइट न्यूज नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये फैसला ईरानी एयरस्पेस के बंद होने के ठीक एक घंटे बाद लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्राइक ग्रुप को चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात किया था, लेकिन अब इसकी मूवमेंट देखी गई है। इसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में करीब एक हफ्ता लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी।

USS अब्राहम लिंकन अमेरिका के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 (CSG-3) का हिस्सा है, जिसमें एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ कई युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल होती हैं।

अमेरिकी नेवी की आधिकारिक वेबसाइट एयरपैक नेवी के मुताबिक, इस ग्रुप में 1 एयरक्राफ्ट कैरियर USS अब्राहम लिंकन के साथ आम तौर पर 3 से 4 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर्स होते हैं, जो एयर डिफेंस, एंटी-सबमरीन और लैंड-अटैक ऑपरेशन कर सकते हैं।

इस ग्रुप में 1 क्रूजर भी शामिल किया जाता है, जो ऑपरेशंस के दौरान कमांड और कंट्रोल का काम करता है।





**एक्सपर्ट का कहना है कि कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को इतनी दूर से लाने का मतलब है कि अमेरिका सिर्फ एक छोटे हमले की तैयारी नहीं कर रहा। ऐसा हमला तो लंबी दूरी के बी-2 बॉम्बर या पर्शियन गल्फ में मौजूद टॉमहॉक मिसाइल वाले डिस्ट्रॉयर से भी किया जा सकता है।**

**मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूरे कैरियर ग्रुप को इंडो-पैसिफिक से हटाकर लाने का मतलब है कि अमेरिका लंबे समय तक मौजूदगी और जरूरत पड़ने पर लगातार ऑपरेशन की तैयारी कर रहा है।।**

### मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप तैनात नहीं

न्यूज नेशन की व्हाइट हाउस संवाददाता केली मेयर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह ग्रुप अब साउथ चाइना सी से सेंट्रल कमांड (CENTCOM) क्षेत्र की ओर जा रहा है। जो मिडिल ईस्ट, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका, सेंट्रल एशिया और साउथ एशिया के 21 देशों को कवर करता है। फिलहाल मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप मौजूद नहीं है। इससे पहले USS अब्राहम लिंकन साउथ चाइना सी में रूटीन ऑपरेशन कर रहा था। इसमें एक सुपर-कैरियर, 3-6 डिस्ट्रॉयर्स, 1-2 पनडुब्बियां, 7000-8000 सैनिक और 65-70 विमान (F-35, F/A-18 आदि) शामिल हैं।


# ग्रोक से अश्लील इमेज बनाने पर दुनियाभर में रोक

## महिलाओं-बच्चों की तस्वीरों के मिसयूज के बाद फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इलॉन मस्क के X ने ग्रोक AI से रियल लोगों की अश्लील इमेज बनाने पर वर्ल्डवाइड बैन लगा दिया है। यह फैसला AI-पावर्ड चैटबॉट से महिलाओं और बच्चों की फोटोज मिसयूज की शिकायतों के बाद लिया गया है। अब यूजर्स इस टूल का इस्तेमाल करके किसी भी असली व्यक्ति की ऐसी फोटो नहीं बना पाएंगे जो आपत्तिजनक हो या जिसमें उन्हें कम कपड़ों में दिखाया गया हो। ये रिस्ट्रिक्शन पेड और अनपेड सभी यूजर्स पर लगाया गया है।

X के सेफ्टी अकाउंट ने गुरुवार इस बदलाव की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने तकनीकी स्तर पर ऐसे बदलाव किए हैं, जिससे ग्रोक अब असली लोगों की बिना कपड़ों वाली फोटो नहीं बना पाएगा। इसमें बिकिनी जैसे कपड़ों वाली एडिटिंग पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।




कंपनी का कहना है कि यह बदलाव इसलिए किया गया है ताकि किसी की निजता का उल्लंघन न हो और प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किसी को परेशान करने के लिए न किया जा सके। पिछले साल दिसंबर में कई महिलाओं ने X पर शिकायत की कि उनकी फोटोज ग्रोक से सेक्शुअल इमेज बनाने में यूज हो रही हैं। IT मिनिस्ट्री की साइबर लॉ डिवीजन ने X को निर्देश दिया कि IT रूल्स 2021 के तहत कंटेंट हटाएं। दरअसल कुछ यूजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर फर्जी अकाउंट बनाते हैं।

**फैसला :** लिस्ट में भारत के 6 पड़ोसी, मकसद-अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या घटे

# ट्रम्प पाकिस्तान-बांग्लादेश समेत 75 देशों के लिए वीजा सर्विस रोकेंगे

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका ने 75 देशों के लिए 21 जनवरी से वीजा जारी करने की पूरी प्रोसेस रोकने का फैसला किया है। इसमें पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी देश हैं।

फॉक्स न्यूज के मुताबिक, यह फैसला अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक मेमो के आधार पर लिया गया है। इस फैसले का मकसद अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या कम करना है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब वह अपनी उस कानूनी शक्ति का इस्तेमाल करेगा, जिसके तहत ऐसे लोगों को वीजा देने से रोका जा सकता है, जिनके बारे में आशंका हो कि वे अमेरिका आकर सरकारी मदद या वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हो सकते हैं।

दुनिया के कई देशों को शामिल करते हुए एक पूरी लिस्ट जारी की गई है। इस लिस्ट में एशिया, अफ्रीका, यूरोप, कैरिबियन और नार्थ-साउथ अमेरिका के देश शामिल हैं।

मॉस्को टाइम्स के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रम्प कई बार साफ कर चुके हैं कि वह गैर-यूरोपीय देशों से होने वाले इमिग्रेशन को कम करना चाहते हैं। उन्होंने सोमालिया के लोगों के बारे में भी गलत बातें कहीं थीं और इसके उलट स्कैंडिनेवियाई देशों (नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क) के लोगों को अमेरिका आने के लिए बेहतर बताया था।



ट्रम्प सरकार की तरफ से वीजा प्रोसेस रोकने का फैसला 21 जनवरी से लागू होगा।

**अमेरिकी दूतावासों और कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे वीजा आवेदनों को तब तक खारिज करें, जब तक जांच और सत्यापन की प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा नहीं हो जाती। इस रोक को कितने समय तक लागू रखा जाएगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई।**

### अमेरिका इमिग्रेशन सिस्टम का गलत इस्तेमाल रोकना चाहता है

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन अमेरिका की इमिग्रेशन व्यवस्था के गलत इस्तेमाल को खत्म करना चाहता है और उन लोगों को रोकना चाहता है जो अमेरिकी जनता के पैसे का फायदा उठाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि इन 75 देशों के लिए इमिग्रेंट वीजा की प्रक्रिया तब तक रोकी जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं।

इस नए फैसले का असर टूरिस्ट, बिजनेस या अन्य अस्थायी वीजा पर नहीं पड़ेगा। इसमें इस साल होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप को देखने आने वाले लोग भी शामिल हैं, हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने सभी वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करने की बात कही है।

# गाड़ियां टकराने से पहले खुद एक-दूसरे को अलर्ट देंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अब गाड़ियां टकराने से पहले खुद एक-दूसरे को अलर्ट कर सकेंगी। इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि सरकार साल 2026 के अंत तक देश में 'व्हीकल-टू-व्हीकल' (V2V) कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी को अनिवार्य करने की प्लानिंग कर रही है। इस तकनीक की मदद से गाड़ियां सड़क पर चलते हुए एक-दूसरे को सेफ्टी अलर्ट भेज सकेंगी, जिससे टक्कर और हादसों को रोका जा सकेगा। यह फैसला 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक के बाद लिया गया है। सरकार का टारगेट 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50% तक कम करना है।

नितिन गडकरी ने इस सिस्टम को समझाते हुए बताया कि इसके लागू होने के बाद गाड़ियां आपस में वैसे ही बात कर सकेंगी, जैसे आसमान में पायलट करते हैं। हर गाड़ी में एक 'ऑन-बोर्ड यूनिट' (OBU) फिट की जाएगी। यह यूनिट आसपास की दूसरी गाड़ियों को अपनी लोकेशन, स्पीड, डायरेक्शन और ब्रेक लगाने जैसी जानकारी वायरलेस टेक्नोलॉजी के जरिए भेजेंगी। इससे ड्राइवर को खतरा दिखने से पहले ही अलर्ट मिल जाएगा। V2V टेक्नोलॉजी उन हालात में सबसे ज्यादा कारगर होगी, जहां कैमरा या रडार काम नहीं कर पाते।



**नए व्हीकल में 2026 के अंत तक वी2वी चिप जरूरी, 5-7 हजार तक कीमत बढ़ेगी**

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96